हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 20 अप्रैल 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

## वार्ड-46 में केमिकलयुक्त पानी से बढ़ा बीमारी का खतरा

# आधी आबादी में नहीं पहुंचता भिलाई निगम का पानी, हजारों लोग गंदा पानी पीने हो रहे मजबूर

*देवीलाल साहू :भिलाई। वार्ड क्रमांक 46 में साढ़े पांच हजार की आबादी है। यहां की आधी आबादी को भिलाई निगम से पानी नहीं मिलता है। लेकिन ढाई हजार की आबादी के लिए भिलाई निगम पानी नहीं पहुंचा पा रहा है। ऐसी स्थिती में इस वार्ड के लोग पानी के लिए निजी बोर पर निर्भर है। यहां के बोर से प्रदूषित पानी निकल रहा है। जिससे यहां की आधी आबादी को बीमारी का खतरा बढ़ता जा रहा है। उधर यहां के स्थानीय लोगों का कहना है कि जैसे-जैसे बोर के नीचे भूजल में केमिकल रिसता जा रहा है वैसे-वैसे बोर का पानी पीने लायक नहीं रहता है।*

### इन क्षेत्रों में नहीं मिलता निगम का पानी

भिलाई निगम शिवनाथ नदी से पानी लाकर 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट से जोन 4 व छावनी की बड़ी पानी टंकी के माध्यम से वार्ड 46 के लोगों को पानी पहुंचा रहा है। रहवासी बताते हैं कि उड़िया बस्ती, मंच के पास, मिनी माता पारा, तरंगिनी नगर, ज्योतिनगर, शीतला मंदिर आदि क्षेत्रों में इन पानी टंकियों का पानी नहीं मिलता। जिसकी वजह से यहां स्थानीय बोर खुदवाकर पाइपलाइन बिछवाई गई। इस पाइप लाइन के माध्यम से लोगों को पानी मिल पा रहा है।






### 30 लोगों के निजी बोर उगल रहे हैं लाल रंग

रहवासी एम राजू, अली हुसैन, एस लक्ष्मी, संगीता, उर्वशी आदि ने बताया कि पानी की समस्या को देखते हुए यहां के कई लोगों ने अपने घरों में प्राइवेट बोर करवाया। वर्तमान में सीएच राव सहित 30 लोगों के बोर लाल रंग का पानी उगल रहे हैं। उन्होने बताया कि यह पानी न पीने योग्य है और न ही खाना बन पाता है। स्थानीय बोर से पहले साफ पानी आता था उसमें भी टीडीएस की मात्रा ज्यादा रहती है। कपड़े धोने से वह लाल हो जाता है।

### इस तरह हो रहे हैं बोर खराब

वार्ड क्रमांक 46 की आबादी को पानी देने के लिए 6 बोर करवाए गए। मिनीमाता पारा चौक, इंदगईया पारा, शंकर चबूतरा, मिलावट पारा ओपी यादव घर के पास, शर्मा आश्रम के पास और गणेश मंदिर के पास बोर हुए हैं। रहवासियों ने बताया कि वर्ष 2022 में छोटे जैतखाम के पास बोर खुदवाए गए थे। यहां का पानी पहले साफ था लेकिन धीरे-धीरे इस बोर में भी केमिकलयुक्त पानी आने लगा। वर्तमान में यहां का पानी पीने लायक नहीं है। इसी तरह गणेश मंदिर के पास के बोर का पानी लाल हो गया है। इसे प्रतिबंधित करना पड़ा। आदिवासी मुहल्ला का पंप हाउस भी पहले से प्रतिबंधित है।

### नाली में अब भी बहाया जा रहा है वेस्ट मटेरियल

वार्डवासियों का दावा है कि अब भी केमिकल , कोल , डामर बनाने वाले उद्योगों द्वारा नाली में वेस्ट मटेरियल बहाया जा रहा है। सालों से यह कार्य चल रहा है जिसकी वजह से भू जल धीरे-धीरे प्रभावित हो रहा। इसलिए कि पहले जिस बोर से साफ पानी आता था उसमें आगे चलकर केमिकलयुक्त पानी आने लगता है। उन्होने बताया कि वर्ष 2019 में तत्कालीन कलेक्टर को इसकी शिकायत के बाद जांच शुरू की। इसका खुलासा ही नहीं किया गया।






## खबर संक्षेप



### वन मंत्री ने किया केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण

**दुर्ग।** प्रदेश के वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने आज दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जामगांव (एम) में केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण कर अद्यतन कार्यो का जायजा लिया। सांसद विजय बघेल व जिला एवं जनपद पंचायत के प्रतिनिधि भी साथ मौजूद थे। लघु वनोपजों के प्रसंस्करण हेतु लगभग 23 करोड़ की लागत से 110 एकड़ क्षेत्र में विभिन्न प्रसंस्करण इकाई स्थापित किया जा रहा है। वन मंत्री श्री कश्यप ने इन इकाई में प्रसंस्करण होने वाले उत्पाद की जानकारी ली। गोदामों में भंडारित वनोपज, मिलेट्स फसल, प्रसंस्करण पश्चात वितरण आदि की भी जानकारी ली। उन्होंने प्रसंस्करण संयंत्र का भी अवलोकन किया। साथ ही निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वन मंत्री श्री कश्यप ने सम्पूर्ण इकाई परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को एक पेड़ माँ के नाम पर लोगों से पौध रोपण करने की अपील की। इस अवसर पर डीएफओ चंद्रशेखर परदेशी, एसडीएम लवकेश ध्रुव एवं अन्य विभाग के अधिकारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### जल संरक्षण के लिए विभाग प्रमुखों को निर्देश

**दुर्ग।** राज्यपाल रमेन डेका ने जिले में हरियाली को बनाए रखने एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए थे। विगत दिवस आयोजित बैठक में राज्यपाल ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि खाली स्थानों पर अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाएं और उन पेड़ों का संरक्षण भी किया जाए। इसके साथ ही पर्यावरण की रक्षा के लिए "एक पेड़ मां के नाम" पर लगाई जाए। साथ ही जल संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को बढ़ावा देने के साथ-साथ तालाबों, नदियों और जलाशयों के जल संचयन की प्रक्रिया पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। जल संचयन के इन उपायों से जिले में जलस्तर को बनाए रखने में मदद मिलेगी और आने वाले समय में पानी की समस्या को कम किया जा सकेगा।

### राहगीरों को शर्बत व चने का वितरण



**दुर्ग।** महिला उत्थान मंडल और बालसंस्कार विभाग द्वारा हनुमान मंदिर बस स्टैंड और पंचशील नगर दुर्ग में संत आशारामजी बापू के अवतरण दिवस पर दो विभाग द्वारा शर्बत और चने का वितरण किया गया। दोनों जगह के कार्यक्रम में महिला मंडल और बालसंस्कार विभाग के सदस्य मौजूद रहे। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

# एक महीने के आंदोलन से पिघली सरकार, काम पर लौटेंगे सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पिछले 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हडताल पर रहे ग्राम पंचायत के सचिव अब सोमवार से काम पर लौटेंगें। विगत सप्ताहभर से राज्य शासन और सचिव संघ से चर्चा जारी थी। शुक्रवार को सचिवों का प्रदेश संगठन ने राज्य शासन से मुलाकात की थी। जिस पर उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन मिला है। इसके लिए कमेटी गठित की गई है। कमेटी के जांच के आधार पर सरकार निर्णय लेगी।

बीते 17 मार्च से शासकीयकरण की अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे पंचायत सचिवों ने प्रदेश सरकार से आश्वासन मिलने के बाद अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है। प्रदेश सरकार से घोषणा पत्र में किए गए वादे को पूरा करने के लिए पंचायत सचिवों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल किया गया था। वहीं इस बीच प्रदेश सरकार से बातचीत का दौर भी जारी था। पंचायत सचिवों के प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा से अपनी मांग को लेकर सकारात्मक चर्चा की। जिसमें पंचायत सचिवों की मांगों पर सहमति बनी और प्रदेशभर में पंचायत सचिवों ने अपने अनिश्चितकालीन हड़ताल को समाप्त कर दिया है।

### पिछले एक माह से लगातार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे सचिव

#### शासकीयकरण करने कमेटी सौंपेगी रिपोर्ट

विभाग द्वारा गठित कमेटी जनवरी 2026 तक अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी और इसके बाद शासकीयकरण किया जाएगा। शासकीयकरण करने से पहले पूर्व में जारी आदेश में निर्देशित चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति हेतु अलग से मार्गदर्शिका जारी की जाएगी। जिला अध्यक्ष महेंद्र साहू ने बताया वर्तमान में 15 वर्ष सेवा पूर्ण करने पर हो रहे वेतन सत्यापन विसंगति का सुधार किया जाएगा। आंदोलन अवधि के वेतन की स्वीकृति तत्काल प्रदान किए जाने को लेकर सहमति बनी है। इधर सचिव संघ के हड़ताल समाप्त होने के बाद जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि, सोमवार से सचिव काम पर लौटेगें।



#### पेंडिग कार्य करने में छूटेगा पसीना

वर्तमान में सुशासन तिहार 2025 एवं अन्य योजना से संबंधित कार्यों का संचालन ग्रामीण स्तर पर हो रहा है। अफसरों ने बताया कि, सभी सचिवों की आवश्यक बैठक कर कार्या में तेजी लाने की दिशा में कार्य योजना बनाई जाएगी। पंचायत सचिवों के हड़ताल से लौटने के बाद उन्हें सुशासन तिहार, जीपीडीपी का निर्माण, आवास सर्वे का कार्य, ग्राम पंचायत की बैठक, ग्रामसभा की बैठक, 31 मार्च की स्थिति में रोकड़ बही को बंद का प्रिया सॉप्ट में एंट्री कराना, ग्राम पंचायत पर चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा एवं अन्य कार्यों को समय पर पूरा करने का दायित्व सौंपा जाएगा।

## संकट : जिले में गहराने लगी पेयजल की समस्या, निस्तारी की भी परेशानी

# जलस्तर गिरने से डेढ़ सौ हैंडपंप बंद, गांव में टैंकरों से हो रही सप्लाई

### जिले में 5219 हैंडपंप स्थापित, जिसमें 300 से अधिक हैंडपंप जलस्तर गिरने से बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में पेयजल और निस्तारी की भीषण समस्या सामने आ रही है। लगातार गांव में जलस्तर गिरने के कारण जहां बोरवेल्स बंद हो रहे है, वहीं तालाबों के सूखने से निस्तारी और मवेशियों के लिए पेयजल जुटाने मुश्किल हो गया है। जलस्तर गिरने के कारण जिले में तीन सौ से अधिक हैंडपंप बंद हो गए है। हालात यह है कि, इस साल पहली बार गांव की आबादी टैंकरों के भरोसे हो गई है।

हरिभूमि मुख्यालय के आसपास गांव में जानकारी जुटाई। इस दौरान समोदा में टेंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है। वही थनौद गांव में पहुंचने पर सियाराम निषाद ने बताया कि, मिशन के तहत टंकी बनाई गई है। पीएचई ने यहां तीन बोर किए है। लेकिन जलस्तर गिरने के कारण सभी बोर बंद हो गए है। ऐसे में थनौद ग्राम पंचायत द्वारा टैंकरों से लोगों के घर तक पानी पहुंचाई जा रही है। यही हालात समोदा ग्राम पंचायत में है। समोदा निवासी विनायक ताम्रकार ने बताया कि, पीएचई विभाग द्वारा कराया गया बोर बंद हो गया है। जिसके चलते टैंकरों से सप्लाई हो रही है।



#### साइकिल में डिब्बा फंसाकर ला रहे पानी

अंजोरा ढाबा में गांव से दूर खेत में लगे ट्यूबवेल से ग्रामीण डब्बा लेकर पानी ला रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि, सुबह से ही लोगों की कतारे पास के बोर में लगनी शुरू हो जाती है। घरों से डब्बा, बाल्टी लेकर गांव के इकलौते ट्यूबवेल के सामने लाइन में लगना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि, पानी भरने के कारण वे दूसरा कोई कार्य नही कर पा रहे है। गांव में परिवार के बुजूर्ग बहु और बेटियों के सिकन में भी पानी को लेकर चिंता है। रामकुमार देखमुख ने बताया हम सुबह से सारे जरूरी काम छोड़कर पानी भरने आ जाते हैं।



ग्राम समोदा में टैंकर से सप्लाई

#### टंकी भी बना शोपीस

अंजोरा ढाबा के लोगों ने बताया कि मिशन' के तहत एक साल पहले गांव में नल कनेक्शन लगाए गए थे, लेकिन पानी न होने के कारण पाइपलाइन अब तक सूखी पड़ी है। यही हाल नगपुरा, महमरा और समोदा गांव में हैं। नगपुरा और महमरा में तो टंकी से पाइल लाइन तक नही जुडा हैं। वही समोदा में बोरवेल्स है, लेकिन जलस्तर गिरने से टंकी शोपीस रह गई।

#### अंजोरा ढाबा में ढ़ाई हजार आबादी परेशान

मुख्यालय से लगे अंजोरा ढाबा गांव में भीषण जलसंकट की स्थिति है। ग्रामीणों ने बताया कि, गांव के सभी ट्यूबवेल सूख गए हैं। एकमात्र चालू ट्यूबवेल से पानी की आपूर्ति मुश्किल से हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि, सुलभ यहां बनाया गया है, लेकिन पानी नही मिल रही हैं। दुर्ग शहर से 15 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम अंजोरा ढाबा भीषण है। करीब 2500 की आबादी वाले इस गांव में जैसे ही फरवरी की शुरुआत हुई, एक-एक कर सभी ट्यूबवेल सूख गए। अब गांव का एकमात्र चालू ट्यूबवेल ही लोगों की प्यास बुझा रहा है। लेकिन पर्याप्त नही है।

#### सामान्य सभा में पेयजल संकट पर हंगामा

हरिभूमि की टीम इन गांव में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या सुनी। इस दौरान बोरीगारका, बोडेगांव, अंडा, चंदखुरी, निकुम, कुथरेल, कोलिहापुरी, विनायकपुर सहित कई गांव में भी पेयजल की समस्या सामने आ रही हैं। इन गांव में बोरवेल्स का जलस्तर नीचे चले जाने से पानी की समस्या बढ़ गई है। ऐसे में ग्राम पंचायत द्वारा टैंकरो से ग्रामीणों को जल उपलब्ध कराया जा रहा है। दुर्ग जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी का कहना है कि, पिछले कुछ सालों से उनके क्षेत्र में पेयजल संकट लगातार बढ़ रहा है। इस साल पहली बार उनके क्षेत्र के ग्राम बोरीगारका में पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाने टैंकर से ग्रामीणों को पानी आपूर्ति करना पड़ रहा है। तालाब सूख जाने से भूजल से काफी नीचे चला गया है। जिला पंचायत में विगत सोमवार को सामान्य सभा का आयोजन किया गया था। जहां सदस्यों ने पेजयल संकट को लेकर जमकर हंगामा भी किया था। गांव में बोरवेल्स कराने की मांग भी उठी थी।

#### फसल सूखने से खेतों में छोड़ रहे जानवर

ग्राम बोड़ेगांव निवासी कृषक रविप्रकाश ताम्रकार का कहना है कि, उनके खेत में स्थित 3 में से 2 बोर सूख गए। खेत में लगे रबी फसल में पानी सिंचाई नहीं हो पा रही है। इससे 10 एकड़ में लगी मक्के की फसल सूखने के कगार पर है। उनका कहना है कि जलाशयों से जल्द पानी छोड़कर सभी निस्तारी तालाबों में पानी भरा जाए, इससे बोर भी रिचार्ज होंगे। ग्राम समोदा किसान शिशुपाल देशमुख तीन एकड़ में धान का रकबा और मनीष ठाकुर उर्फ गोलू 2 एकड़, दिनेश देशमुख 2 एकड़, चित्तराखंन देशमुख एक एकड़ फसल सूखने के बाद वह पूरी तरह से नुकसान में है। ऐसे में इन किसानों ने खेत में ही मवेशियों को छोड़ दिया है।

# विकास कार्यों को शुरू करने विधायक ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा 2024-25 में स्वीकृत विकास कार्यों को लेकर विधायक गजेन्द्र यादव ने समीक्षा बैठक ली। वर्ष 2025-26 में शासन से स्वीकृत हुए कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने निर्देश दिए। इस दौरान चौडीकरण के पहले मुआवजा के संबंध में भ चर्चा हुई। मुआवजा की राशि अधिक होने के कारण अब तक कार्य शुरू नही किया जा सका है।

▪ शासन से स्वीकृत कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने

विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा शासन से स्वीकृत कराये गए कार्य जिसे वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूर्ण करना है। बैठक में विकास कार्यों को यथाशीघ्र समय सीमा में पूर्ण करने तथा सड़क के नवनिर्माण तथा चौड़ीकरण में सर्वे में प्रभावित और मुआवजा राशि संबंधी जानकारी लिए। वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत सभी कार्य को गुणवत्ता के साथ पूरा करने तथा वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल विकास कार्यों को प्रारंभ लेआउट और स्थल को लेकर चर्चा किए। इसके अलावा सड़क निर्माण दौरान आने वाले कठिनाईयों को चिन्हित कर सड़क चौड़ीकरन के दौरान प्रभावित होने वाले मकान के मुआवजा राशि का शीघ्र निराकरण करने कहा बैठक में पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं को वर्ष 2025- 26 के बजट में शामिल विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने कहा। सभी विभाग के साथ सामंजस्य बनाकर कार्य को जल्द ही पूरा करने कहा।

#### इन कार्यों को लेकर की गई चर्चा

बैठक में जिला पंजीयक एवं उपपंजीयक भवन, महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण, संभाग मुख्यलायल में ऑडिटोरियम निर्माण, पीडब्ल्यूडी का कार्यालय भवन, दुर्ग आईटीआई का उन्नयन कार्य, न्यायिक अधिकारियों के आवास में बाउंड्री निर्माण, स्कूल भवन निर्माण, सड़क चैड़ीकरण, चंडी मंदिर से नयापारा मार्ग का चौड़ीकरन एवं पुनर्निर्माण कार्य, जेल तिराहा से मिनीमाता चैक तक यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य, महाराजा चैक से बोरसी तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य, दुर्ग धमधा बेमेतरा अंडर ब्रिज से अग्रसेन चौक दुर्ग तक फोरलेन मार्ग के निर्माण सहित अन्य कार्यों पर चर्चा की गई।

# गांव पहुंचने पर जनपद अध्यक्ष का ग्रामीणों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन जब शादी समारोह में मायके पहुंची तो उसे नहीं पता था कि वहां मायके के लोगों ने कोई तैयारी कर रखी होगी। जैसे ही अपने पति सुकदेव देवांगन के साथ कार से उतरी तो पंचायत के सरपंच, जनपद सदस्य, उपसरपंच योगिता जितेंद्र यादव सहित पंचगण व उनके चाचा मुकेश देवांगन ने बाजे गाजे और पटाखों सहित फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर बाबा गोमती दास चौक में स्थित राम मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के लिए भगवान से आशीर्वाद मांगा। उन्होने कहा भाजपा के वरिष्ठ नेतागण और सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर के आशीर्वाद से अधिकृत होकर बीजेपी खेमे से चुनाव लड़ी और अध्यक्ष भी बनी। इस मौके पर उद्योग एवं सहकारिता सभापति गोपाल यादव ने भी मूलभूत समस्या के बारे में जानकारी दी। महिलाओं को बेझिझक होकर अपनी बात कहने और सम्मान से जीने के लिए समूहों से जुड़कर काम करने और आगे आने की सलाह भी दी।

▪ बाजे-गाजे के साथ किया गया स्वागत



### कलेक्टर और सीईओ ने चुनकट्टा के आवासों का किया सर्वे

**दुर्ग।** पाटन के ग्राम पंचायत चुनकट्टा में आज प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास 2.0 सर्वे पखवाड़े ₹मोर दुवार सांय सरकार₹ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अभिजीत सिंह तथा जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे ने आवासों का सर्वे कर हितग्राहियों को शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम पंचायत चुनकट्टा के विकास कार्यों की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने हितग्राही श्री पवित्र कुमार कोशले के नाम स्वीकृत आवास का भूमिपूजन कर समय सीमा में आवास पूर्ण कराने हेतु नोडल अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही प्रगतिरत आवासो में से कवली ठाकुर के आवास का निरीक्षण कर नोडल एवं सचिव को जल्द ही कार्य पूर्ण कराने निर्देशित किया। हितग्राहियों ने राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम मे जपं. पाटन अध्यक्ष कीर्ति नायक, जनपद सदस्य चन्द्रिका कलिहारी, सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, सरपंच, उपसरपंच, पंच, अन्य जनप्रतिनिधि, समस्त अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

# सुशासन में मिली शिकायत का निराकरण करने घर-घर पहुंच रहे जिले के अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सुशासन तिहार के माध्यम से मिले आवेदनों के निराकरण करने निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंच रहे है। चिलचिलाती धूप के बीच सुशासन तिहार के तहत निगम अधिकारी, कर्मचारियो ने लोगो के घरों में जाकर दस्तक देकर आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर रहे है।

▪ आवेदनों की जांच कर निराकरण किया जा रहा

शनिवार को आज वार्ड क्रमांक 51 के चंचला नायक के आवेदन किया का निराकरण किया गया। वहीं वार्ड 51,52 में शीतला नगर,पंचशील नगर, सेक्टर, अमित सड़क मारुति हाइट्स के पास नया लाइट लगाया गया। स्ट्रीट लाइट से सड़क जगमग हो गए। आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने बताया कि, आवेदनों की जांच कर कार्रवाही कर मौके पर निराकरण कर रहे हैं। नरेंद्र वैष्णव शंकर नगर दुर्ग निवासी जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु आवेदन किया था। निरीक्षण दौरान पात्र पाया गया। दस्तावेज जमा करने के लिए आवेदक से कहा गया। इसके बाद आवंटन किया जाएगा।



निगम के अधिकारियों द्वारा नूतन देवांगन पति लोमेश देवांगन वार्ड 44 कसारीडीह दुर्ग निवासी है, जो किराए के मकान पर लगभग 8 वर्ष से रह रहे हैं। जिनके पास ना जमीन है ना मकान जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बना बनाया मकान लेने हेतु सुशासन तिहार में अपनी इच्छा जाहिर की थी।

## पालक संघ ने स्कूल को बचाने छेड़ी मुहिम

# शाला को टूटने से बचाने 40 पालकों का पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के शिक्षक नगर स्थित तिलक कन्या स्कूल पुत्री शाला को नगरनिगम तोडने पर उतारू हो गया है। गरीब बच्चों के लिए संचालित व ऐतिहासिकल स्कूल को टुटने बचाने के लिए 40 से अधिक पालकों ने कलेक्टर अभिजित सिंह को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होने स्कूल नही तोडने की मांग की है। इधर डीईओ अरविंद मिश्रा ने आयुक्त सुमीत अग्रवाल को पत्र लिखकर लिखित जानकारी मांगी है।

▪ 40 से अधिक पालकों ने कलेक्टर को लिखा पत्र

कलेक्टर को पालक हरीश कुमार कश्यप, कुमकुम जैन, विकास खुराना, दिनेश कुमार, सीमा अग्रवाल, संजय कुमार अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अरूण, वेदांत, शिवांक, सोनू, तारा देवांगन, अंश देवांगन सहित चालीस पालको ने कलेक्टर को स्कूल नही तोडने पत्र लिखा है। वहीं डीईओ ने पूछा है कि, निर्माण कार्य में सिर्फ टंकी का उल्लेख है। जबकि स्कूल को तोडने के बाद उसके निर्माण को लेकर स्पष्ट जानकारी मांगी है। जिसमें कितने कमरे प्रभावित होगें और उसे बनाने बजट प्रावधान करने कहा है। पुत्री शाला स्कूल को तोडकर निगम प्रशासन पानी टंकी बनाने की योजना बना रही है। उल्लेखनीय है कि, स्वतंत्रता संग्राम से पहले बनाया गया है। निगम के कार्यप्रणाली से बच्चों के परिजनों को भी चिंता सताने लगी है। अगर यहां पानी टंकी बनी तो करीब साठ से अधिक स्कूलों बच्चों के भविष्य संकट में पड जाएगा।

#### पहले भी निगम ने तोड़े स्कूल

इससे पहले गंजपारा वार्ड में स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्कूल को नगरनिगम द्वारा तोडा गया था। स्कूल भवन तोडकर यहां कर्मिशयल काम्प्लेक्स बनाने की योजना थी, वही उपर में स्कूल भवन संचालित किया जाना था। पूर्व पार्षद श्रध्दा सोनी ने भी लगातार फंड जारी कराने का प्रयास किया था। यहां के डेढ सौ से अधिक बच्चों को तीन किमी दूर सरदार वल्लभाई पटेल शनिचरी बाजार स्कूल में शिफ्ट कर दिया गया। जिससे आज भी पालकजन निगम के इस कारनामे से खपा हैं। इसके आलावा गया नगर स्थित महात्मा गांधी स्कूल परिसर में नगरनिगम द्वारा व्यवसायिक कांप्लेक्स बना दिया गया। लेकिन स्कूल आज भी फूटी कौडी नही मिलती है।



#### लिखा आयुक्त को पत्र

"स्कूल को तोडने के मामले में पालकों ने आपत्ति दर्ज कराई है। मैने आयुक्त को पत्र लिखकर स्कूल तोडने के बाद उसकी मरम्मत को लेकर लिखित जानकारी मांगी है। -**अरविंद मिश्रा,** डीईओ

### रेप, हत्या और प्रदेश में बढ़ते अपराध को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**दुर्ग।** आगामी 21 अप्रैल को कांग्रेस द्वारा सीएम निवास का घेराव किया जाएगा। अय्यूब खान सचिव प्रदेश कांग्रेस ने बताया कि विगत दिनों दुर्ग शहर के उरला ओम नगर निवासी 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुराचार व हत्या तथा प्रदेश में महिलाओं के साथ लगातार बढ़ रहे अपराधों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निवास का घेराव किया 21 अप्रैल को किया जायेगा। जिसमें हजारों की संख्या में रायपुर में कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। अयुब खान का कहना है कि, छत्तीसगढ प्रदेश में नशा का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है शराब की दुकानें में लगातार इजाफा हो रहा है दुर्ग भिलाई में तो अवैध सूखा नशा तो आसानी से लोगों तक पहुंच रहा हैं मेडिकल से मिलने वाले बहुत सी टैबलेट का इस्तेमाल भी नशे के रूप में किया जाता है जिसे बिना डॉक्टर की पर्ची से युवा वर्ग मेडिकल से लेकर नशा कर रहा है फिर यही विभिन्-प्रकार के नशेड़ी नशाखोरी कर अपराध को कर रहे और साथ सड़क में दुर्घटना भी कर रहे इन अपराधियों में सरकार का भय या डर बिल्कुल नहीं रह गया है।



# कौही गौशाला को संवारने में लोग करें सहयोग, मिलेगा सुकून: रूपनारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

हरे रामा हरे कृष्णा गौ शाला समिति कौही द्वारा वार्षिक आमसभा सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को हुआ। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा, दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, विश्व हिंदू परिषद दुर्ग जिला अध्यक्ष संतोष गोलछा अतिथि मंच पर आसीन रहे। सम्मेलन में वार्षिक आय व्यय की जानकारी दी गई, आय बढ़ाने पर व्यापक चर्चा भी हुई। रनिंग समिति की कार्य समीक्षा करते हुए नई समिति पदाधिकारी चुने गए।

## गौ माता का संरक्षण करने के लिए गौशाला समिति कौही ने सराहनीय कदम उठाया है

### गौ माता का करे सम्मान

छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि गाय माता यू ही नहीं कहलाती वह तो अपने स्तन से निकली दूध हमे उपलब्ध कराती है जिसे पीकर आप हम सब बलिष्ठ स्वस्थ रहते हैं। इसके अलावा गौ मूत्र स्वास्थ्य लाभ के लिए और गोबर पेंट सहित कीट नाशक के लिए उपलब्ध कराती है। इतनी उपयोगी गाय माता का संरक्षण करने के लिए गौशाला समिति कौही ने जो कदम उठाया है कंठ मुक्त सराहनीय है। इनकी हर संभव सहायता प्रत्येक व्यक्ति को यथायोग्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अहिंसावादी संस्कृति में गाय माता को प्रथम रोटी खिलाना बड़ा पुण्य माना गया है। अनेकों धर्म प्रेमी आज भी गाय माता को यह सम्मान देते हैं।



### योगेश्वर संरक्षक ईश्वर अध्यक्ष बनाए गए

गौशाला का पुनः निर्वाचन सम्मेलन में किया गया जिसमें संरक्षक योगेश्वर साहू अध्यक्ष, ईश्वर यादव उपाध्यक्ष, द्रोपती साहू, पुनीत राम साहू, सचिव राजेश साहू, सह सचिव माखनलाल चंद्राकर, सदस्य मुकेश साहू, हेमलाल साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### गौशाला को व्यवस्थित करने सांसद ने दिए आश्वासन

सांसद विजय बघेल ने गौशाला परिसर को भ्रमण कर देखे और उचित प्रबंधन में सहयोग करने का समिति को आश्वासन दिए। समिति ने प्रभावी निरीक्षण के लिए सांसद को साधुवाद ज्ञापित करते हुए आग्रह किए कि सड़कों पर इधर-उधर भटक रहे पशुओं को गौशाला में लाकर उनको संरक्षण देने लायक निर्माण में त्वरित सहयोग अवश्य करने की अपील की। समिति ने सांसद विजय बघेल को बताया कि पर्याप्त धन सहयोग नहीं मिलने के कारण समिति चाहकर भी अनुकूल व्यवस्था नहीं कर पा रही है। जगह तो उपलब्ध है निर्माण एवं अन्य व्यवस्था के लिए अभाव बना हुआ है।

### सुरक्षा सुव्यवस्था के लिए स्वस्फूर्त दान करे

विश्व हिंदू परिषद दुर्ग जिला अध्यक्ष संतोष गोलछा ने कहा कि परिषद भी गौशाला समिति की मदद करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। गोलछा ने कहा कि टीम बनाकर समिति दान दाताओं के दरवाजे जाए । संतोष गोलछा ने दान दाताओं से भी आग्रह किए कि स्वस्फूर्त गाय माता की सुरक्षा सुव्यवस्था के लिए दान करने का पुण्य कार्य अवश्य करे।

## खबर संक्षेप



### मनरेगा कार्य शुरू करने कलेक्टर से की मांग

**सेलूद।** ग्राम पंचायत सेलूद के सरपंच खिलेश बबलू मारकंडे ने दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह के पाटन ब्लाक के ग्राम पंचायत चुनकट्टा आने पर उनसे भेटकर पाटन ब्लॉक के सभी गांवों में मनरेगा कार्य स्वीकृत कर शीघ्र प्रारम्भ करने का आवेदन के साथ अनुरोध भी किया। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव के बाद सचिव की हड़ताल से विभिन्न कार्य नहीं हो पा रहे थे अब सचिव हड़ताल से वापस आ गये। पंचायत चुनाव फिर हड़ताल के कारण पिछले कुछ माह से मनरेगा कार्य पूर्णतः बंद होने के कारण श्रमिकों को समुचित रोजगार नहीं मिल रहा है । मनरेगा के कार्य पूर्णतः बंद है। इसलिए शीघ्र ही मनरेगा कार्य स्वीकृत कराकर मनरेगा मजदूरों को मनरेगा के तहत कार्य प्रदान करने की मांग किया।

### एफएसटीपी व प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के कार्यो को सराहा



**सेलूद।** ग्राम पंचायत पतोरा में कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा पतोरा के एफएसटीपी प्लांट का औचक निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत सचिव तथा वाटर एड के कर्मचारी द्वारा विस्तृत रूप से एफएसटीपी की कार्यप्रणाली के बारे में बताया कि यहां 20 किलोमीटर की सीमा के अंतर्गत क्षेत्रों से मल-जल एकत्रित कर टैंक में संग्रहित किया जाता है। विभिन्न चैम्बर एवं टैंकों से प्रत्येक स्तर पर फिल्टर की प्रक्रिया के पश्चात खाद जिसे 'सोना खाद' के नाम से भी जाना जाता है जिसका निर्माण होता है। उपचारित जल को 1 चैम्बर में संग्रहित कर उसे गार्डनिंग के लिए उपयोग किया जाता है। कलेक्टर ने इसकी सराहना करते हुए आसपास के गावों में क्लस्टर बनाकर इसी प्रकार और यूनिट निर्माण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा हम अब गावों को ओडीएफ बना चुके हैं। अब मल-जल प्रबंधन कराना हमारा लक्ष्य है। साथ ही प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का भी विजिट किया गया । प्लास्टिक वेस्ट का संपर्क भूजल एवं मृदा से ना हो इस पर विशेष ध्यान देने के लिए और सही तरीके से प्लास्टिक वेस्ट के निपटारण के लिए निर्देश दिए गए।

### कोनारी में तहसील स्तरीय कर्मा महोत्सव आज

**अंडा।** तहसील स्तरीय विशाल कर्मा महोत्सव नवनिर्मित भवन की पूजा एवं नवनिर्वाचित सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह 20 अप्रैल को ग्राम कोनारी में होगा। भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती के पावन अवसर पर तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, परिक्षेत्रीय साहू संघ कुथरेल एवं स्थानीय साहू समाज कोनारी के संयुक्त तत्वावधान में भव्य तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव, नवनिर्मित भवन का पूजा एवं नवनिर्वाचित सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान का आयोजन किया 20 अप्रैल को किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे भव्य कलश शोभा यात्रा, 10 बजे से सत्यनारायण पूजा एवं माता कर्मा की पूजा आरती ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम 12 बजे सोनम साहू भोथली द्वारा पंडवानी प्रस्तुति दी जाएगी।

## पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को लेट से पहुंचने पर लगाई जमकर फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में आख़िरकार दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह पहुँच ही गये। पाटन के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में लगातार मिल रही शिकायते के कारण अचानक सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के कर्मचारी के हाजिरी रजिस्टर का निरीक्षण किया। आपको बता दें कि कलेक्टर अभिजीत सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को लेट से पहुंचने वाले डॉक्टर पर जमकर फटकार लगाई।

पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आए दिन मिल रही शिकायते जिसे देख अचानक पहुंचे। जिससे अस्पताल में हड़कंप मच गया। जिसके कारण अस्पताल के स्टाफ का घंटे तक अस्पताल के निरीक्षण किया। पाटन सामुदायिक केंद्र में पदस्थ डॉक्टर कृष्ण कुमार डहरिया के निजी क्लीनिक में बैठकर ईलाज करने का शिकायत मिल रही थी जिसे सामुदायिक केंद्र में आए मरीजों का इलाज़ अपने निजी क्लीनिक में चला रहे स्वास्थ सेवा को खुला और स्वतंत्र होकर इलाज कर रहे थे।

### मरीजों को लिखते हैं महंगी से महंगी दवाई





सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने में किशोर मेडिकल में भेजा जाता है। जिससे मरीजों से डॉक्टरों के द्वारा मोटी रकम वसूली जाती है। स्वास्थ्य अमला डॉक्टर कृष्ण कुमार डहरिया पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ होने के बावजूद ही अपने निजी क्लीनिक में इलाज करते हैं और मरीजों से मोटी रकम वसूलते हैं। पाटन में धन्वंतरी मेडिकल स्टोर तो खोल



सीएमएचओ ने कहा ड्यूटी काम में निजी क्लीनिक खोली तो होगी कार्रवाई

पाटन स्वास्थ्य केंद्र के मरीज अधिक दामों वाली दवाइयां लेने हो रहे मजबूर

दिया गया है, लेकिन मरीजों को धन्वंतरी मेडिकल स्टोर नहीं भेजा जाता और उसे किशोर मेडिकल में भेजा जाता है।

दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने पाटन सामुदायिक अस्पताल का हाल बारी-बारी से निरीक्षण कर हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों की जानकारी ली और उनके स्वास्थ्य की जानकारी दी। वहीं अस्पताल में मौजूद मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा और उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की बात कही

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने हॉस्पिटल के डॉक्टरों के उपस्थिति पंजी को देखकर भड़क गए और लेट से पहुंचने वाले डॉक्टर को फटकार लगाई। वहीं मरीजों से जानकारी लेने वार्डो का निरीक्षण किया। पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लापरवाही को देखते हुए अचानक पहुंचे कलेक्टर ने बताया कि डाक्टरों एवं कर्मचारियों को फोन कर बुलाए जा रहे थे। वहीं पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिखावे के लिए कूलर रखा गया है। मरीजों ने बताया कि भरी गर्मी में कूलर नही चल रही है। वहीं कर्मचारियों की लापरवाही के लिए कलेक्टर ने जमकर फटकार लगाई है।

## 23 करोड़ की लागत से बने लघु वनोपज प्रसंस्करण इकाई का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप ने शनिवार को दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जामगांव (एम) में निर्माणाधीन केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण किया और अद्यतन कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर दुर्ग सांसद विजय

- वन मंत्री केदार ने कहा इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी

बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, सभापति नीलम चन्द्राकर, पूर्व जिपंस हर्षा चन्द्राकर एवं जनपद पंचायत के प्रतिनिधि तथा अन्य अधिकारी भी उनके साथ उपस्थित थे। लगभग 23 करोड़ रुपये की लागत से 110 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही यह प्रसंस्करण इकाई लघु वनोपजों के संरक्षण, प्रसंस्करण और वितरण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। वन मंत्री कश्यप ने यहां विभिन्न इकाइयों में तैयार किए जा रहे उत्पादों की



जानकारी ली और कहा कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोदामों में भंडारित वनोपज, मिलेट्स फसल, एवं प्रसंस्करण पश्चात वितरण की प्रक्रिया की जानकारी ली। कश्यप ने निर्माणाधीन संयंत्र का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए, जिससे स्थानीय समुदाय को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।

वन मंत्री ने परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से पौधारोपण करने की अपील की। इस अवसर पर डीएफओ चंद्रशेखर परदेशी, एसडीएम लवकेश ध्रुव, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश चन्द्राकर सहित अन्य विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती और सम्मान समारोह आज

**सेलूद।** ग्राम पंचायत छाटा में सतनामी समाज छाटा एवं सतनामी आसरा पाटन द्वारा अप्रैल माह में जन्मे महापुरुष भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को उनके द्वारा लिखित विश्व के सबसे बड़े और सबसे श्रेष्ठ 'भारत का संविधान' सहित 'मानव समाज के सम्मान' के लिए उनके बहुमूल्य योगदान एवं 'शिक्षा क्रांति ज्योतिबाफुले' को 'महिला शिक्षा, सर्व शिक्षा व महिला सशक्तिकरण' में उल्लेखनीय योगदान और 'संत नकुल देव ढीढ़ी को छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए प्रथम जेल सत्याग्रही व गुरू घासीदास जयंती के शुभारंभ पर बाजर चौंक छाटा में 20 अप्रैल को शाम 5 बजे से जयंती एवं सम्मान समारोह के माध्यम से उनके बहुमूल्य योगदान को सम्मान देते हुए याद किया जाएगा। नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों व विभिन्न माध्यमों से समाजसेवा में योगदान देने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा उपस्थित बच्चों को कैरियर गाइडेंस व सक्सेस मंत्र दिया जाएगा। साथ ही प्राथमिक शाला कौही के बच्चों द्वारा संविधान का प्रस्तावना वाचन व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। उपरोक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक शिक्षादूत राजेन्द्र मारकण्डे ने दिया।



## अंचल की खबरें

### चुनकट्टा के आवास हितग्राहियों का कराया मुंह मीठा



**सेलूद।** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास 2.0 सर्वे पखवाड़े 'मोर दुवार साय सरकार' कार्यक्रम के तहत दुर्ग जिले के विकासखंड पाटन के ग्राम पंचायत चुनकट्टा में कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग बजरंग दुबे पहुंचे। उनके द्वारा सर्वे कर हितग्राहियों को उनके आवास के सपने के साकार होने की दिशा में पहले कदम की बधाई देते हुए मिठाई एवं श्रीफल भेट किया। हितग्राहियों ने साय सरकार, कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत का आभार जताया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक, जनपद सदस्य चंद्रिका कलिहारी, सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर ने मोर दुवार साय सरकार के संकल्प साकार होने की बधाई सभी को दी। कार्यक्रम में सरपंच रोशनी राय, उपसरपंच अजयसिंह राजपूत, पंच आशा सिंह, छत्रपाल सिंह ग्रामीणजनों सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने ग्राम पंचायत चुनकट्टा के विकास कार्यों की विस्तृत चर्चा की। आवासों का निरीक्षण कर जल्दी ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। पूर्ण हो चुके आवास हितग्रहियों मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

### नंदिनी रोड में 20 लाख रुपए से बनेगा सीसी रोड



**भिलाई।** संतोषी पारा वार्ड 33 और 34 के बीच नंदिनी रोड शर्मा कॉलोनी से पंप हाउस तक 20 लाख रुपए का सीसी रोड और नाली का निर्माण किया जाएगा। इसका भूमिपूजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, वार्ड 33 पार्षद शैलजा राजू, कैंप महिला मंडल उपाध्यक्ष ममता भारद्वाज, बोलबम गुप्ता, केमपेश्वर बैजनाथ धाम मंदिर अध्यक्ष धनराजू, खलील अहमद, वसीम हाफिज, रामेश्वर नागरोड, मदन लाल देवांगन, संतोष देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

### सिरसिदा में आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण कार्य



**अंडा।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा मोर दुवार साय सरकार महा अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरसिदा में सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें पात्र व छुटे हुए ग्रामीण परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सके। इस सर्वेक्षण में जनपद पंचायत के अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल चंद्राकार, भाजपा मंडल ओटेबंद के अध्यक्ष कुलदीप साहू साथ ही साथ जनपद पंचायत गुंडरदेही के कार्यपालन अधिकारी मारकंडे, आवास शाखा के प्रमुख नीलम चंद्राकर, गांव की सरपंच सरस्वती चंद्राकर, साथ ही साथ पंचगण रोजगार सहायिका रंजिता देवांगन, कुंवर सिंह ठाकुर, सहदेव ठाकुर व रोहित यादव के घर का सर्वे किया गया।

## केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से ग्रामीण हुए लाभान्वित

# पात्र हितग्राहियों को मोर आवास-मोर अधिकार योजना से मिलेगा लाभ: मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

राज्य सरकार की मोर आवास-मोर अधिकार योजना अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की मूल सूची एवं आवास प्लस में छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने भाजपा संगठन की सक्रियता बढ़ने ने गांवों में हर्ष की लहर व्याप्त होने लगी है। जिला भाजपा संगठन के निर्देश पर पंचायतों में नियुक्त प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर पात्र हितग्राहियों से संपर्क कर रहे हैं और उन्हें पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी देने





के साथ-साथ आवश्यक सहयोग भी प्रदान कर रहे हैं। ग्राम पंचायत जामगांव आर में युवा उपसरपंच एवं भाजपा बूथ अध्यक्ष मुकेश साहू ने इस अभियान को बड़ी गंभीरता के साथ लेते हुए "मोर दुआर, साय सरकार" की भावना के अनुरूप ग्रामीणों को उनका हक दिलाने की दिशा में पूर्णतः सक्रिय भूमिका निभा रहे है। ग्रामीणजन उपसरपंच साहू की इस पहल की सराहना कर रहे हैं।

### शासन की योजनाओं का पात्र ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

उपसरपंच मुकेश साहू ने कहा कि शासन की योजनाओं का भरपूर लाभ पात्र ग्रामीणों को बड़ी सरलता से मिले यह छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार की सोच है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण प्रक्रियाओं से गुजरने में कठिनाई महसूस करते है इसलिए छत्तीसगढ़ की भाजपा विष्णुदेव साय सरकार ने घर-घर जाकर योजना का लाभ दिलाने मोर द्वार साय सरकार की योजना चला रही है। जिसके तहत साय सरकार की प्रतिनिधि के रूप में भाजपा बूथ अध्यक्ष प्रतिनिधि घर-घर द्वार-द्वार पहुंच रहे है। सरकार हमारे द्वार आकर हमारी समस्या की खबर ले रही है लाभान्वित करने का सीधा स्वयंमेव पहल कर रही है।

## विशाल कलश यात्रा के साथ शुरु हुआ दो दिवसीय कर्मा महोत्सव और सामूहिक आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

तहसील साहू संघ पाटन द्वारा आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह एवं तहसील स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव, भामाशाह जयंती का आयोजन 19 एवं 20 अप्रेल को ग्राम अमलेश्वरडीह में 1009 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाल कर कार्यक्रम की शुरुवात हुई। समाज की महिलाओं द्वारा सिर में कलश धारण कर सभी देवी-देवताओं का आह्वान किया गया। कलश यात्रा की अगुवाई तहसील कमलेश्वरी साहू ने किया। कलश यात्रा के मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री रमशीला साहू, प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष चंद्रिका साहू, विशेष अतिथि देवीश्री साहू, दिव्या कलिहारी, मालती साहू, दामिनी साहू सहित आदि थीं। मुख्यअतिथि रमशीला साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा भगवान ने सबसे ज्यादा सहनशील महिलाओं को बनाया है। माता कर्मा का पूरा जीवन त्याग और तपस्या से भरा हुआ था। माता कर्मा ने अपने साहस और भक्ति से पूरे साहू समाज को संकट से उबारा। महिलाएं समाज में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। उन्होंने कहा कि देश नहीं, प्रदेश में भी महिलाएं अलग-अलग क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है।

- वर-वधु को आशीर्वाद देने पहुंचेंगे सीएम साय



### 1009 दीपक से होगी महाआरती

रविवार को सुबह 10 बजे 1009 दीपक के साथ कृष्ण-कर्मा की महाआरती की जायेगी। दोपहर 12 बजे कर्मा महोत्सव के मुख्य अतिथि दोपहर 12 बजे से प्रथम सत्र में कर्मा महोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, प्रमुख अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री छ.ग. शासन, अध्यक्षता दिनेश साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन, अश्वनी साहू पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी बोर्ड दुर्ग, अशोक साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, मोनू साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग होंगे।वहीं सामूहिक आदर्श विवाह में 24 जोड़ा का विवाह सम्पन्न होगा। दोपहर 2 बजे बारात स्वागत होगा। शाम 4 बजे से आशीर्वाद समारोह के अतिथियों का आगमन, स्वागत व अतिथि उद्बोधन, आशीर्वाद समारो होगा। श्रीराम साहेब द्वारा विवाह सम्पन्न करवाया जाएगा।




## खबर संक्षेप

### महापात्रा होंगे बीएसपी के नए डायरेक्टर इंचार्ज

**भिलाई** । भिलाई इस्पात संयंत्र के नए डायरेक्टर इंचार्ज बोकारो स्टील प्लांट के ईडी (वर्क्स) चित्ता रंजन महापात्रा होंगे। उनके नाम का चयन



आज शनिवार को सेल मुख्यालय में सलेक्शन कमेटी ने किया है। आगे स्टील मिनिस्ट्री की औपचारिक मुहर लगना बाकी है। श्री महापात्रा 30 अप्रेल को रिटायर हो रहे बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता की जगह लेंगे। आज सेल कार्पोरेट आफिस दिल्ली में हुए इंटरव्यू सलेक्शन कमेटी ने उनके नामक का चयन किया। श्री महापात्रा का नाम अब सेल बोर्ड, इस्पात मंत्रालय फिर पीएमओ की औपचारिक मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। पखवाड़ेभर के अंदर बीएसपी को नया डायरेक्टर इंचार्ज मिलने की संभावना है। डीआईसी के लिए नौ लोगों ने इंटरव्यू दिया।

### दो सफाई कर्मचारी निलंबित

**भिलाई**। नगर निगम भिलाई में ऐसे सफाई कर्मचारी जो ऑफिस में काम नहीं कर रहे थे। उन कर्मचारियों को उद्यान में पानी डालने की ड्यूटी लगाई गई थी। केवल पाइप लाइन से उद्यान में पौधों को पानी डालना था। फिर भी उनके द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा था। लगातार अनुपस्थित रहते थे। अधिकारियों के साथ व्यवहार भी अच्छा नहीं था। मनमानी कर रहे थे। इसके पूर्व में उन्हें नोटिस दिया गया था। फिर भी उनके कार्य में कोई सुधार नहीं हुआ। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जब उद्यानों का निरीक्षण करने गए तो बहुत से पेड़ सुख पाए। वहां पर लोगों से जानकारी प्राप्त की गई तो स्थानी निवासियों ने बताया पाइप रखकर चले गए हैं। कर्मचारी नहीं आते हैं, पानी नहीं डाल रहे हैं। चेतावनी के तौर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। दो सफाई महिला कर्मचारी वृंदाबाई व ललिता बाई को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के दौरान उनके कार्यालय जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर किया गया है।

### शहीद की पुण्यतिथि पर सत्संग कार्यक्रम आज

**गुण्डरदेही**। ग्राम फुंडा मे शहीद लोकेश कुमार साहू एवं स्व.थानसिंह साहू की पुण्य स्मृति मे आध्यात्मिक सत्संग समारोह का आयोजन 20 अप्रैल को किया जाएगा। समारोह मे संत रविकर साहेब संत पूर्णेन्द्र साहेब के साथ संत श्री रामबालक दासजी महात्यागी पाटेश्वर धाम जामड़ी उपस्थित रहेंगे, साथ ही कार्यक्रम मे कवि सीताराम साहू "श्याम" शिवकुमार अंगारे व केशव साहू भी शामिल होगे। वही कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशिल्या साय होगी। अध्यक्षता समाजसेवी तिमिरेन्दु शेखर सिंह कंवर करेंगे।

## सोशल मीडिया में छाने की होड़ में बेलगाम हो रहे हैं युवा

# ट्विनसिटी के युवाओं में स्टंट व रील बनाने का क्रेज बढ़ा, मौत के मुंह में समा रहे युवा



**तीन साल में 952 लोगों ने सड़क पर बरती लापरवाही**

**आंकड़ा**

2023-342
2024-396
2025-214



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी में स्टंट और रील बनाने का लगातार क्रेज बढ़ने से कई युवा अपनी जान जोखिम में डालकर मौत को गले लगा रहें है। लेकिन लगातार हादसों का शिकार शहर के युवा ही अक्सर हो रहें है बावजूद इसके स्टंट और रील बनाना युवाओं में कम नहीं हो रहा है। शुक्रवार की देर रात भी जो हादसा हुआ है कि जिसमें एक नौजवान और नाबालिग ने रील बनाते समय मौत के मुंह में चले गए। जाते-जाते सड़क पार कर रहे व्यक्ति भी घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए है। इन युवाओं की लापरवाही दिन प्रतिदिन शहर की व्यवस्था को पूरी तरह बेलगाम करते दिख रहें है। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस भी जागरुकता अभियान के साथ ही साथ वाहन चालको को जागरुक करने का भी काम करती है। लेकिन नौजवान ट्रैफिक नियम को दर किनार कर हादसे का शिकार हो रहें है। छावनी थाना क्षेत्र के घटना के बारे में आसपास के लोगों ने बताया कि हि हर्ष मेश्राम बाइक चला रहा था। पीछे जय बंसोड़, आदित्य चौहान तीनों सवार थे। बाइक में एक हाथ से मोबाइल पकड़कर युवक रील बनाकर स्टंट कर रहे थे। लेकिन बाइक की रफ्तार अनियंत्रित होने से पावर हाउस के पास सड़क किनारे पिकअप खडे वाहन को पीछे से बाइक सवार ठोक दिया। हादसे में मौके पर हर्ष और जय की मौत हो गई। पिकअप में टकराने से हर्ष और जय का सिर फट गया। दोनों के सिर से इतना अधिक खून बह गया था। जिससे मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं आदित्य को कम चोट आई। घटना स्थल पर खून के निशान और चप्पल पड़ी हुई थी।

### पिकअप वाहन के पीछे बाइक सवार जा घुसे

#### दो दिन पहले भी निकले थे रील बनाने

बताया गया है कि हर्ष, जय और आदित्य इंस्टाग्राम में रील बनाया करते थे। 16 अप्रैल को भी तीनों रील बनाने अपनी बाइक से निकले थे। पूरी रात टाउनशिप के अलग-अलग सेक्टर में घूम-घूमकर वीडियो बना रहे थे। पुलिस ने उनके मोबाइल से वो विडियो लिया। पूछताछ में आदित्य ने बताया भी वो लोग 16 अप्रैल की रात सेक्टर 4, सेक्टर 6 समेत कई जगह वीडियो व रील्स बना रहे थे। इसके बाद 18 अप्रैल की रात फिर रील बनाने निकले थे और बड़ा हादसा हो गया।

#### पार्टी में जाने की बात कही फिर नहीं लौटा

जय बंसोड़ की मां के मुताबिक अपने पिता प्रकाश के साथ धुमाल बजाने का काम करता था। शुक्रवार रात को ही वो एक शादी पार्टी से धुमाल बजाकर पिता के साथ लौटा था। पिता ने जय और उसके भाई को 50-50 रुपए दिए। इसके बाद जय मां को बोलकर निकला की वो पार्टी में जा रहा है। कुछ देर बाद सूचना मिली की उसका एक्सीडेंट हो गया है। बेटे की हादसे की बात सुनकर मां की तबियत खराब हो गई। परिवार के लोगों को रो-रो कर बुरा हाल है।



#### जागरुता अभियान भी चल रहा है



"ट्रैफिक नियम कायदे को दर किनार कर चलने वाले चालको के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। बाइक पर स्टंट करने वाले चालको पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती रही है। जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

**ऋचा मिश्रा,** एएसपी ट्रैफिक

**केस 1**

#### कार में दिखाया स्टंट

तेज रफ्तार कार दौड़ाकर उसमें स्टंट दिखाने का वीडियों युवक ने सोशल मीडिया में अपलोड किया था। कार सीजी 4 पीएक्स 1392 में सवार चार युवकों पर ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की। इस दौरान युवकों के खिलाफ 10 हजार रुपए का चालानी कार्रवाई हुई थी।

**केस 2**

#### बाइक से किया स्टंट

दो दिन पहले ही बाइक सवार युवक सड़क पर स्टंट करते हुए ट्रैफिक ने पकड़ लिया।उसके खिलाफ 2 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई हुई। युवक सेंट्रल एवेन्यू मार्ग पर बाइक से खतरनाक स्टंट करते उसका वीडियों वायरल हुआ था।

**केस 3**

#### चालक का कटा चालान

चलती बाइक सीजी 07 सीआर 1638 के चालक सड़क पर स्टंट करते ट्रैफिक पुलिस ने उसे पकड़ा था। उसके खिलाफ पुलिस ने 6 हजार का चालान काटा था। युवक को समझाइश भी दी थी।

**केस 4**

#### बाइक पर रोमांस

सेंट्रल एवेन्यू मार्ग पर दिनदहाड़े डिजाइनर बाइक के पेट्रोल टैंक के ऊपर अपनी गर्ल फ्रेंड को बिठाकर रोमांस करते चालक को ट्रैफिक पुलिस ने पकड़ा। उसके खिलाफ 10 हजार रूपए की चालानी कार्रवाई हुई थीं।

## शराब पीकर गाली देने पर की हत्या, पड़ोसी युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ कुम्हारी पुलिस व एसीसीयू की टीम ने पकड़ा

कुम्हारी हत्याकांड मामले में पुलिस ने आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर और सीएसपी हरिश पाटिल ने खुलासा किया कि 17-18 की दरम्यानी रात एपेक्स अस्पताल कुम्हारी से खबर मिली कि भागवत मारकण्डे की मौत हो गई है। डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि भागवत के शरीर पर कई चोट के निशान भी है। पुलिस हत्या का अपराध कायम कर जांच करना शुरु किया। कुम्हारी पुलिस और एसीसीयू की टीम आरोपी की तलाश में जुटी रही। मृतक के निवास के आसपास चौक चौराहे में सीसीटीवी लगा हुआ है। जिसका फुटेज चेक करने पर रात 11.45 से 12.40 बजे के बीच एक युवक हाथ में चाकू लेकर दौड़ते दिखा। टीम ने उक्त फुटेज को दिखाकर ग्रामीणों से पूछताछ करना शुरु किया। युवक ने अपना नाम रामपुर चोरहा निवासी जयदीप साहू होना बताया है। युवक को हिरासत लिया गया। आरोपी मृतक के पड़ोस में रहता है। घटना की रात वह खाना खाकर मृतक के घर की ओर टहलने निकला था। तब मृतक उसे देख गाली गलौज करने लगा। घटना के समय मृतक शराब के नशे में गाली दे रहा था। आरोपी आक्रोशित में आकर घर में रखे चाकू लाकर भागवत पर अंधाधुंध वार कर दिया। घटना में मृतक के गला, पीठ में प्राण घातक हमला करना स्वीकार किया। कार्रवाई में कुम्हारी थाना प्रभारी उप निरीक्षक डीएल साहू समेत उनकी टीम का योगदान रहा है। इस दौरान क्राइम डीएसपी अजय सिंह मौजूद थे।

## अवैध निर्माण, चेतावनी देकर लौटी निगम की टीम



**भिलाई**। सुपेला क्षेत्र में अवैध निर्माण की शिकायत पर भिलाई निगम की टीम शनिवार को कार्रवाई के लिए पहुंची। मौके पर निर्माण कार्य को हटा लेने की चेतावनी निगम ने दी और लौट गई। भिलाई निगम के मुताबिक तोड़फोड़ की कार्रवाई रविवार को हो सकती है। बैकुंठधाम मंदिर के सामने वार्ड 32 कैंप दो भिलाई निवासी प्रवीण वासुदेव गावंडे ने भिलाई निगम आयुक्त को शिकायत की कि 31 जुलाई को भूंखड क्रमांक 42 क्षेत्रफल 38.50 वर्ग मीटर को शासन ने पट्टा प्रदान किया था। पिता वासुदेव व मां शांता बाई की मृत्यु के बाद दूसरी जगह चला गया। अपने रिश्तेदार के यहां भिलाई आया तो पता चला कि उनकी पट्टे की जगह पर कोई व्यक्ति मकान निर्माण कर रहा है। मेरे द्वारा पट्टा दिखाने पर काम बंद नहीं किया। कब्जा करने वाले व्यक्ति के पास कोई भू स्वामित्व का कोई दस्तावेज नहीं है। इसलिए इस जगह का अतिक्रमण तोड़कर उनकी जगह वापस दिलाई जाए।

## उप नेता प्रतिपक्ष मिले नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों से



**भिलाई**। नगर निगम भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने राज्य शासन की अनुशंसा पर नियुक्ति किए गए मंडलों अध्यक्षों से मुलाकात की। दया सिंह उनके शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, अध्यक्ष निशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया सहित अन्य से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, राजनीतिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## चिट्टा के साथ दो को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई**। चिट्टा का अवैध कारोबार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मुखबिर की सूचना पर कृषि उपज मंडी सिकोला भाठा दुर्ग में दो युवक चिट्टा हेरोइन अपने पास रख बेच रहे थे। मौके पर पुलिस पहुंची और दो को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर चिट्टा (हेरोइन) बेचने वालों ने अपना नाम मोहकम वाला उर्फ अरैया वाला थाना मक्खु तहसील जिरा जिला फिरोजपुर पंजाब निवासी गुरूदेव सिंग बीर्क और हाउसिंगबोर्ड एलआईजी 2 क्वाटर नंबर 331 बत्तीस एकड राजविंदर सिंग उर्फ लड्डू है। दोनों युवक पंजाब के रहने वाले है ,जहां से चिट्टा लाकर जिले में बेचते है। आरोपी गुरूदेव सिंग के पास से काले रंग के बैग के भीतर से प्लास्टिक पन्नी में चिट्टा 150 ग्राम जिसकी कीमत 12 लाख रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में मोहन नगर प्रभारी शिव प्रसाद चन्द्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## लीज नवीनीकरण के मुद्दे पर व्यापारी लामबंद



**भिलाई**। बीएसपी के लीज नवीनीकरण के मुद्दे पर व्यापारियों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। तीन दिन पहले व्यापारियों के साथ बैठक में सांसद विजय बघेल ने कहा था कि व्यापारी बीएसपी की तानाशाही से डरे नहीं, आंदोलन के लिए तैयार रहें। इसके बाद व्यापारियों ने बिगुल फूंक दिया है। शनिवार को सेक्टर-10 स्थित कॉफी हाउस में व्यापारियों की बैठक हुई। बैठक में 21 से 29 अप्रैल के मध्य अभियान चलाकर व्यापारियों को जोड़ने का निर्णय लिया गया। इसके लिए 21 अप्रैल से हर हर सेक्टर में व्यापारियों की एक बैठक ली जाएगी। इसके बाद यदि बीएसपी के अधिकारी दबाव की राजनीतिक करते हुए नोटिस जारी करते हैं, तो व्यापारी टाउनशिप के हर चौक-चौराहों पर काला झंडा लगाकर विरोध दर्ज कराएंगे। व्यापारियों ने अनुबंध एवं राज्य शासन के नियमों को नजरअंदाज कर भेजे जा रहे पत्रों पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। साथ ही स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स भिलाई के नेतृत्व और सांसद विजय बघेल के मार्गदर्शन में आगे की लड़ाई लडने सहमति बनाई। अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने कहा कि जब तक भिलाई इस्पात संयंत्र अनुबंध से अलग हटकर राशि भुगतान के जिन पत्रों को भेजा है, उन पत्रों को भिलाई इस्पात प्रबंधन निरस्त नहीं करता, तब तक हमारा आंदोलन सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में जारी रहेगा।

**हर सेक्टर में बैठक का निर्णय, जिम्मेदारी भी सौंपी**: हर सेक्टर में बैठक का निर्णय लिया गया, साथ ही जिम्मेदारी सौंपी गई। सेक्टर 1 ए, बी और सी मार्केट श्रीनिवास खेड़िया, प्रदीप बाकलीवाल, पीयूष जैन, आशीष अग्रवाल, योगेश गुप्ता, सेक्टर 2 ए और बी मार्केट के लिए कृष्णा कटारिया, सेक्टर 4 ए और बी मार्केट के लिए देवेंद्र जैन, सतीश बंछोर, करमजीत गगन, संदीप जयसवाल, सेक्टर 5 मार्केट के लिए अजय कनौजिया, अमर सोनकर, सुनील कामडे, पंकज पाल, सेक्टर 6 एबीसी मार्केट के लिए रामकृष्ण मुंदड़ा, ज्ञानचंद बाकलीवाल, गणेश ताम्रकार, सेक्टर 7 मार्केट के लिए ललित अग्रवाल, शेखर सांगेवार, मुकेश राजपूत, सेक्टर 8, 9 और अस्पताल सेक्टर के लिए सुरेश रत्तनानी, पीयूष जैन, प्रमोद खंडेलवाल और रमेश, सेक्टर 10 ए मार्केट, जोनल मार्केट एवं बी मार्केट के लिए राम कुमार गुप्ता, ज्ञानचंद जैन, सत्यम बेकरी सहित अन्य को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## रेलवे ने वेंडर और टिकट चेकिंग अभियान चलाया

**भिलाई**। रेलवे प्रशासन द्वारा अधिकृत वेंडरों के माध्यम से ट्रेनों और स्टेशनों में गुणवत्तायुक्त खानपान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। स्टेशनों एवं गाडियों में यात्रियों को उपलब्ध कराई गई खानपान की गुणवत्ता को बरकरार रखने तथा उसमें लगातार सुधार हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। रेलवे को अनाधिकृत वेंडिंग की शिकायत भी समय-समय पर मिलती रहती है। इसे लेकर रेल प्रबंधक दयानंद ने स्वयं ट्रेनों स्टेशनों में अवैध वेंडर्स की जांच किया। जांच अभियान में मंडल वाणिज्य प्रबंधक राकेश सिंह, पांच वाणिज्य निरीक्षक, पांच वाणिज्य कार्यालय कर्मी, पांच टी टी ई मंडल द्वारा ट्रेनों व प्रमुख स्टेशनों में अनाधिकृत वेंडरों की रोकथाम के लिए नियमित रूप से खानपान जांच अभियान चलाया। इसके अलावा टिकट चेकिंग अभियान भी चलाया गया। अवैध वेंडिंग एवं टिकट चेकिंग जांच दल द्वारा दुर्ग के छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस साउथ बिहार एक्सप्रेस, अमरकंटक एक्सप्रेस, हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस, इंटरसिटी एवं पैसेंजर ट्रेनों में औचक खानपान जांच की गई। इस दौरान 11 आनाधिकृत वेंडर पकडे गए। कार्रवाई कर उन्हें आरपीएफ को सौंपा गया। बिना टिकट के 33 मामले व अनियमित टिकट के 13 मामले पकड़े गए। नसे कुल 16 हजार 720 रुपए जुर्माना मिला।

## वेतन समय पर नहीं मिलने पर किया प्रदर्शन




**भिलाई**। एनएसपीसीएल पुरैना भिलाई तीन में टीएमडी विभाग में सिंग इंजीनियरिंग वर्क्स के अधीन कार्यरत श्रमिकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर श्रमिकों का कहना है कि सिंह इंजीनियरिंग वर्क्स का ठेका विगत 28 जुलाई 2024 से 2 वर्षों के लिये वर्क्स को मिला है। ठेका में अभी 9 महीने काम करते हुए श्रमिकों को कभी भी समय पर वेतन नहीं मिलता है। इसके लिये श्रमिको को हर महीने वेतन का मांग करना पड़ता है। समय पर वेतन न मिलने के कारण श्रमिक वर्ग को हमेशा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के श्रमिकों ने वेतन को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। श्रमिकों ने एनएसपीसीएल प्रबंधन से मांग किया है कि समस्या का स्थायी निराकरण करे।










पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 20 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129






भारतीय फैशन उद्योग में उछाल

**लाइव इवेंट**

## भारती विश्वविद्यालय में विश्व क्वांटम दिवस पर व्याख्यान आयोजित



**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय में विश्व क्वांटम दिवस पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अकादमिक अध्यक्ष प्रो डॉ. आलोक भट्ट थे। उन्होंने कहा कि क्वांटम सिद्धांत जिसे क्वांटम यांत्रिकी भी कहा जाता है। आधुनिक भौतिकी का एक मूलभूत सिद्धांत है, जो पदार्थ और ऊर्जा के व्यवहार को परमाणु और उप-परमाणु स्तर पर समझाता है। उन्होंने भौतिकी की अत्याधुनिक शाखा क्वांटम भौतिकी की वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे यह हमारे दैनिक दिनचर्या का एक अभिन्न अंग है। अतः स्पष्ट है कि विकसित भारत के लक्ष्य को साकार में भौतिकी की यह शाखा महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती है। अंत में उन्होंने विश्व क्वांटम दिवस के मनाए जाने का उद्देश्य, क्वांटम विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बारे में जागरूकता को बढ़ाने और लोगों की इस क्षेत्र के प्रति रुचि विकसित करना बताया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण डॉ. रोहित कुमार वर्मा, डॉ. भूमिका मिश्रा, रॉलिक बेंजामिन दास, डॉ. सीमा द्विवेदी, डॉ. मंजू साहू, हेमलता चंद्राकर एवं सीमा कुशवाहा सहित सहित उपस्थित थे।

- भारती विश्वविद्यालय में विश्व क्वांटम दिवस पर व्याख्यान का आयोजन

**सिटी इवेंट**

## प्रभा ठाकुर ने खेलो मास्टर्स में दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता





**भिलाई।** कई बार अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में चैंपियन रह चुकी भिलाई की मास्टर एथलीट प्रभा ठाकुर हुसैन ने एक और उपलब्धि हासिल की है। दिल्ली में आयोजित चौथे खेलो मास्टर्स गेम्स में देशभर के 2500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें 55 प्लस आयु वर्ग की श्रेणी में प्रभा ठाकुर हुसैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। 5000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान, पैदल चाल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 3000 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 58 वर्ष की उम्र में प्रभा की यह सफलता न केवल अद्वितीय है, बल्कि एक प्रेरणास्त्रोत भी बन गई है। प्रभा ठाकुर हुसैन न केवल एक तेज़ धाविका है, बल्कि एक साहसी स्काईडाइवर, अंतरराष्ट्रीय मैराथन रनर, बुलेट राइडर, एनसीसी गणतंत्र दिवस परेड में चयनित एथलीट और बहुमुखी प्रतिभा की धनी खिलाड़ी भी हैं। इससे पहले भी वह विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

**लाइव इवेंट**

## स्टेशन रोड में खोला गया प्याऊ घर, महापौर ने किया उद्घाटन



**दुर्ग।** आमदी नगर वार्ड 24 स्टेशन रोड स्वरूप टॉकीज के सामने सनशाइन स्कूल परिसर के बाहर प्याऊ घर खोला गया। स्काउट गाइड द्वारा कंठ सुधा प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। महापौर अलका बाघमार ने इसका उद्घाटन किया। इस अवससर पर एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, वार्ड पार्षद पायल पाटिल, पूर्व पार्षद नरेश तेजवानी, क्रीड़ा अधिकारी तनवीर अकीर, स्कूल के डायरेक्टर दर्शन भागवानी, प्राचार्या नम्रता नागर सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। बाघमार ने स्कूल परिसर में प्याऊ घर के शुभारंभ पर कहा कि यह स्कूल व राहगीरों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा है। उन्होंने कहा कि यह प्याऊ घर बच्चों, शिक्षकों व राहगीरों को गर्मी के मौसम में पानी की सुविधा प्रदान करेगा। नम्रता नागर ने बताया कि प्याऊ घर खोलने का मुख्य उद्देश्य यह है कि राह चलते प्यासे राहगीरों एवं पक्षियों की शुद्ध निर्मल जल से प्यास बुझ सके। उन्होंने कहा यह पहल राहगीरों के लिए एक सराहनीय कदम है, जो गर्मी में उनकी प्यास बुझाने में मदद करेगा।

# प्रभु यीशु के पुनर्जन्म का दिन ईस्टर संडे आज
# चर्च में आराधना, तैयारियों को दिया अंतिम रूप

### ईस्टर की तैयारियों को लेकर दुर्ग-भिलाई के

ट्विनसिटी के प्रमुख गिरजाघरों में सेंट जोसेफ द वर्कर्स चर्च सेक्टर-9, क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च सेक्टर 6. बैप्टिस्ट चर्च, हार्वेस्ट चर्च सेक्टर 6, मेनोनाइट चर्च बस स्टैंड, पद्मनाभपुर चर्च सहित अन्य छोटे-बड़े गिरजाघरों में शनिवार को भी आराधना और प्रार्थना का दौर चलता रहा। सुबह 9 बजे के बाद से अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शाम के समय कैंडल जलाकर प्रेयर किया गया।




**भिलाई।** शनिवार को ईस्टर की आराधना शुरू की गई। इस अवसर पर अनुयायी रात से चर्च में आना शुरू हो गए। गुड फ्राइडे जहां दुख और पश्चाताप का पर्व था, वहीं ईसाई समुदाय के लिए ईस्टर ईसा मसीह के पुनरुत्थान द्वारा जीवित होने के कारण खुशियों और आशा का दिन है। कैथोलिक चर्च की प्रार्थना में बाइबल का मुख्य पाठ पढ़ा गया।

दुर्ग-भिलाई के अन्य चर्चों में भी ईस्टर संदेश दिया गया। इस अवसर पर ईस्टर कैंडल जलाकर जुलूस के रूप में चर्च में प्रवेश किया। बाइबल के सभी पाठों के वाचन के बाद ईस्टर का संदेश दिया। इस अवसर पर बाइबल के अनुसार ईस्टर की रात को यीशु ने अपने मृत्यु की जंजीर को तोड़ा और कब्र से विजय पाकर यह खुशी की खबर दी कि वे जीवितों और मृतकों के मसीहा हैं। बताया गया कि गुड फ्राइडे को प्रभु यीशु को सूली पर लटकाने के दो दिन बाद संडे को फिर से प्रभु यीशु ने पुनर्जन्म लिया था। इसी दिन को ईस्टर संडे कहा जाता है। इस दिन को ईसाई समुदाय के लोग खुशी के रूप में मनाते हैं। चर्च प्रभ यीशु की सामूहिक प्रार्थना होती है। घरों में प्रभु यीशु के पुनर्जन्म की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। ट्विनसिटी के गिरजाघरों में गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु के बलिदान को याद किया गया। अलग-अलग प्रार्थना सभाएं की गईं। शनिवार को संेट जोसेफ द वर्कर्स चर्च में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल होकर प्रार्थना की। ईस्टर पर्व को लेकर बताया गया कि प्रभु यीशु की मृत्यु के बाद तीसरे दिन उनके जी उठने की याद में मनाया जाता है। क्रिश्चियन समुदाय के लिए गुड फ्राइडे व ईस्टर बहुत ही महत्वपूर्ण त्यौहार है, भारत में ही नही बल्कि, सम्पूर्ण विश्व में गुड फ्राइडे और ईस्टर को सेलिब्रेट किया जाता है। गुड फ्राइडे नाम सुनने से लगता है कि यह कोई जश्न होगा। लेकिन ऐसा नहीं है। गुड फ्राइडे को शोक दिवस के तौर पर मनाया जाता है। जितनी शांति से गुड फ्राइडे मनाया जाता है, उतनी ही धूम-धाम से ईस्टर को मनाया जाता है।



### ईस्टर की तैयारियों को लेकर सुबह से चर्च पहुंचने लगे लोग



दुर्ग-भिलाई सहित आसपास के 100 से ज्यादा छोटे-बड़े गिरजाघर में प्रार्थना सभाएं हुईं। गीत गाए गए। प्रभु यीशु मसीह के सात वचनों का जो कि मसीही जीवन का मूल आधार है, उनका पठन किया गया। आज जिस प्रकार से पूरी दुनिया में युद्ध और नफरत फैली हुई है, उसे दूर करने के लिए उनके द्वारा कहे गए सातों वचन आज भी प्रासंगिक है, क्योंकि यीशु मसीह द्वार सलीब पर चढ़ाए जाने के बावजूदर उन्हे मरने वालों के लिए उन्होंने कहा कि हे पिता इन्हें क्षमा कर। ये नहीं जानते कि यह क्या कर रहे हैं। क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च सेक्टर 6 में पास्टर इंचार्ज रेव्ह अर्पण तरुण द्वारा प्रार्थना कराई गई। उन्होंने बताया कि प्रभु यीशु ने क्रूस पर से भी मानवता और समर्पण की मिसाल पेश की जो कार्य परमेश्वर के रूप में उन्हें सौंपा गया था, उसे उन्होंने मरकर भी पूरा किया।

### मेरठ से आए मुख्य वक्ता ने बताई सात वाणियों की महत्ता

मुख्य वक्ता मेरठ से आए रेव्ह जॉय हावर्ड ने कहा कि प्रभू यीशु मसीह के कहे गए सात वाणियों पर प्रकाश डालते हुए मसीह जीवन को वचन के अनुसार जीने कि प्रेरणा से भर दिया। प्रभु यीशु मसीह ने क्षमा, पश्चाताप करने की शिक्षा देते हैं। क्षमा करने वाले आत्मा के चलाए व्यक्ति होते हैं। यीशु मसीह की सलिव जीवन की गवाही से जानी जाती है। इस अवसर पर इस अवसर पर निर्मल कुजुर, एनसी गाड़िया, सावधान टोप्पो, एसजे फिश, विभवकांत सैमुअल, दीपक हेमरोम, सलीम खालको, सहित चर्च पंचायत के सदस्य एवं समस्त कलीसिया के लोग उपस्थित थे।

### बैप्टिस्ट चर्च में गुड फ्राई डे और ईस्टर की दी जानकारी

बैप्टिस्ट चर्च में सुबह से लोगों ने विशेष आराधना में उपस्थित होकर प्रार्थना की। रेव्ह प्रभु मनोहर ने आराधना में अगुवाई की। उन्होंने आज के दिन का महत्व बताया। उन्होंने प्रभु यीशु के जन्म के अभिप्राय से लेकर मृत्यु तक के प्रसंगों की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि प्रभु द्वारा क्रूस पर कहे सात वचन उनके सम्पूर्ण चरित्र, व्यक्तित्व और मानव के प्रति प्रेम को प्रकट करते हैं। इस दौरान सात अलग-अलग लोगो ने यीशु मसीह के क्रूस पर कहे सात वाणियों का मनन किया। उन्होंने इसमें धर्म और इंसानियत का महत्व समझाया है। मसीही जीवन का मूलमंत्र भी ये सात वचन ही हैं। इस अवसर पर के. जायल, बी. अलीशा, एस जैस्मिन, पी. जोसेफ, एन सोलोमन, एम. जोनाथन ने उपदेश दिया।

### हार्वेस्ट चर्च सेक्टर 6 में बताया गया नफरत दूर कर सभी से करें प्रेम

हार्वेस्ट चर्च सेक्टर 6 भिलाई में पास्टर दीपू जेना ने आराधना में अगुवाई की। मुख्य वक्ता पॉस्टर क्रिस्टी पॉल कहा कि प्रभु यीशु ने क्रूस पर रहते हुए भी प्यार करना सिखाया। उन्होंने कहा कि अपने बेरियों से प्रेम करो और अपने सताने वालों के लिए प्रार्थना करो, आज हमारे पास एक ही हथियार है प्रार्थना जो हमें सताता है उसके लिए प्रार्थना करो, प्रेम के द्वारा हम किसी भी मनुष्य को जीत सकते हैं। आज दुनिया भर में जो युद्ध और नफरत फैली हुई है, उसे हम केवल प्रेम ही के द्वारा दूर कर सकते हैं।

# एमएसएमई उद्योगों को मिले बढ़ावा, लगाई जाए प्रदर्शनी



उद्यमियों ने रखी मांग

**भिलाई।** एमएसएमई जिला उद्योग संघ ने नए फाइनेंशियल ईयर में शनिवार को बीएसपी के ईडी एमएम एके चक्रवर्ती के साथ सौजन्य मुलाकात की। अपने कुछ ज्वलंत मुद्दे उनके समझ रखें। इन मुद्दों में एमएसएमई उद्योगों को इंक्वारी देते समय हेल्दी कॉम्पटीशन करने, एमएसएमई उद्योगों का निरीक्षण करने, प्रोपराइटरी आइटम की एक प्रदर्शनी लगाने, हर 5-6 माह में एमएसएमई के साथ बैठक करने और पूरे 1 वर्ष के लिए पास बनाए जाने की मांग प्रमुख थी।

संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ईडी एमएम से उनके कक्ष में मिला। खुराना ने ध्यानाकर्षण करते हुए कहा कि एमएसएमई उद्योगों को जो भी इंक्वारी दी जा रही है, उसमें हेल्दी कॉम्पटीशन करने की जरुरत है। क्षमता के आधार पर जो बराबर की इंडस्ट्रीज है, उन्हें समान इंक्वारी दी जानी चाहिए। देखा यह जा रहा है कि कुछ बड़े इक्विपमेंट आते हैं, तो उसमें छोटी इंडस्ट्रीज को भी डाल दिया जाता है। छोटी इंडस्ट्रीज काम ले लेती है और फंस जाती है। क्योंकि उनके पास वह काम करने की क्षमता नहीं होती। अब वह इंडस्ट्रीज काम करके नहीं दे पाएगी तो उसे 6 माह के लिए ब्लॉक कर दिया जाता है। इससे एमएसएमई इंडस्ट्री और स्टील प्लांट दोनों को नुकसान होता है। उद्यमी बृजमोहन अग्रवाल ने बीएसपी प्रबंधन से एमएसएमई उद्योगों का विजिट करने की मांग की, ताकि उसे पता चल सके कि उसके पास लोकल में कितने एमएसएमई है।

भगवान अग्रवाल ने प्रोपराइटरी आइटम की एक प्रदर्शनी प्लांट के भीतर लगाए जाने की मांग रखी। ऐसे आइटम जो बीएसपी प्रबंधन बाहर से ले रहा है, उनकी प्रदर्शनी लगाई। ताकि यहां के एमएसएमई उद्योग उन्हें देख सके। उद्यमी आशुतोष तिवारी ने पास के मुद्दे को गंभीरता से रखा। उनका कहना था कि एमएसएमई उद्योगों के लिए पूरे 1 वर्ष का पास बनाकर दिया जाए। यदि किसी एमएसएमई उद्योग के पास परचेज ऑर्डर नहीं है तो भी पास मिलना चाहिए। ताकि वह अधिकारियों से मिल सके और अपनी बात रख सकें। उद्यमी रामकुमार बंसल ने हर 5-6 माह में एक बार बीएसपी प्रबंधन के साथ एमएसएमई की बैठक रखे जाने की मांग रखी।

चक्रवर्ती ने सभी विषयों पर सार्थक प्रयास की बात की। बैठक में सीजीएम केसी मिश्रा, एके मिश्रा, जीएम मनोहर शर्मा, पीबी प्रभाकर, एमएसएमई उद्योग संघ से आशुतोष तिवारी, देशराज यादव, आरके सिंह, रामकुमार बंसल, अनिल शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे। बैठक के बाद सभी सदस्य संगठन के अध्यक्ष केके झा से मिले और उन्हें वस्तु स्थिति की जानकारी दी।

## श्रीश्वरी का 13 दिवसीय प्रवचन उमरपोटी में



**भिलाई।** जगत गुरु कृपालु महाराज की प्रचारिका श्रीश्वरी का 13 दिवसीय प्रवचन उमरपोटी में 22 अप्रैल से शुरू हो रहा है। प्रवचन 5 मई तक श्रीजी पैलेस पेट्रोल पंप के पास उमरपोटी में होगा। शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक समय नियत है। प्रवचन श्रृंखला में मनुष्य देह देव दुर्लभ, जीव का चरम लक्ष्य भगवद्प्राप्ति, भगवद् प्राप्ति के लिए भगवद् कृपा आवश्यक, मन बुद्धि की शरणागति से ही ईश्वर की प्राप्ति संभव, वास्तविक गुरु की शरणागति से ही भगवद् प्राप्ति संभव, संसार का स्वरूप आदि विषयों पर वेद, शास्त्रों, गीता, भागवत, रामायण आदि धर्म ग्रंथों के आधार पर ज्ञान का लाभ नगर वासियों को प्राप्त होगा।

### पुराना बस स्टैंड में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर, मेयर अल्का बाघमार भी पहुंची

# अनोखी पहल : बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए निशुल्क बांटे गए सकोरा और कोटना, लोगों से अपील दाना-पानी का इंतजाम जरूर करें

**कार्नर न्यूज**



**दुर्ग।** इस भीषण गर्मी में आसमान से आग बरस रही है। गर्मी में मानव हो या फिर पशु-पक्षी सभी को ठंडे जल की तलाश रहती है। लोगों के लिए तो जगह-जगह प्याऊ व नल के साथ ही पानी के उचित इंतजाम हैं, लेकिन पशु-पक्षियों को इसके लिए जूझना पड़ रहा है। इसे समझा है जनसमर्पण संस्था ने, जिन्होंने शनिवार को एक अनोखी पहल की। संस्था के सदस्यों ने पुराना बस स्टैंड में एक काउंटर खोला, जहां लोगों को कोटना और सकोरा फ्री में बांटे गए। इस दौरान हजारों सकोरे और कोटना लेने के लिए लोग पहुंचे। आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अल्का बाघमार, कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र साहू प्रमुख रूप से मौजूद थे। संस्था के लोगों ने बताया कि घरों की छत और बाड़ी में पक्षियों की संख्या बढ़ गई है। पर्यावरणविदों की मानें तो बहुत से ऐसे पक्षी हैं, जिन्हें मौसम रास आने लगा है। लगातार





रिकार्ड तोड़ गर्मी के इस कोहराम से पशु पक्षी का जीवन खतरों से गुजर रहा है। इसमें मुख्य रूप से वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण और जल प्रदूषण पर पूर्ण रूप से काबू नहीं पा रहे हैं। दिन को जल गर्म हो जाता है जिसे पक्षी ग्रहण नहीं कर पाते। नदी तालाबों का जल निर्मल एवं कंचन हो जाता है। इसे देखते हुए दाना-पानी का इंतजाम करने का अभियान शुरू कर किया गया है। लोगों से अपील की जा रही है कि अपने आसपास सकोरा और कोटना रखकर इन बेजुमान पशु-पक्षियों की मदद करें।

### 430 नग सीमेंट का कोटना एवं 4400 सकोरे



संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि पानी अनमोल है, इसके बिना जीवन संभव नहीं है। दिनों दिन बढ़ती गर्मी के चलते बेजुबान पशु-पक्षियों के समक्ष दाना और पानी की समस्या आ गई है। इसे देखते हुए काउंटर खोला गया, जहां 430 नग सीमेंट का कोटना एवं 4400 सकोरे का वितरण किया गया। इसके साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे अपने घर के आसपास छत में, पेड़ों में सकोरा जरूर रखें। कोटना में पानी भरकर घर के आसपास रखें, ताकि पशु-पक्षी इस भीषण गर्मी में अपना गला तर कर सकें। आए अतिथियों ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दुर्ग ही नही बल्कि पूरे प्रदेश की एक बेमिशाल संस्था है, जो विगत कई वर्षों से मानव सेवा गौ सेवा पशु पक्षियों की सेवा दिव्यांग जनो की सेवा कर रही है।



### किन्नरों ने भी किया सहयोग

कोटना वितरण कार्यक्रम में किन्नरों ने भी सहयोग प्रदान किया। किन्नर कल्याण समाज के बैनरतले किन्नर मौके पर पहुंचे। संस्था की अध्यक्ष जया, प्रीति, छुटकी सहित समस्त किन्नर सदस्य भी आयोजन में उपस्थित होकर अपने हाथों से कोटना एवं सकोरे का वितरण किया।

## सिटी इवेंट

# राजपूत समाज का अधिवेशन प्रतिभावान का हुआ सम्मान



**भिलाई।** राजपूत छग रहटादाह का भिलाई में 61वां महाधिवेशन हुआ। इस मौके पर ध्वाजारोहण के बाद शौर्य पत्रिका 2025 का विमोचन किया गया। संयोजक शेर सिंह, सहसंयोजक चंद्रशेखर सिंह, प्रमोद सिंह एवं उप संयोजक राजेन्द्र सिंह, पंकज सिंह, हीरा सिंह, संतोष चंदेल, चितरंजन सिंह, मनोज सिंह का स्वागत किया गया। महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन के बाद वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा। इसके बाद निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह थे। विशिष्ट अतिथि विजय बघेल सांसद, शालिनी सिंह योजना आयोग अध्यक्ष, डोमन लाल राजपूत क्षत्रिय महासभा, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा, गजेन्द्र यादव विधायक दुर्ग, ललित चंद्राकर विधायक ग्रामीण, पूर्व विधायक बेमेतरा अवधेश सिंह चंदेल, जय सिंह सहित अन्य मौजूद थे। डॉ. रमन सिंह ने 12वीं की परीक्षा में 95% के साथ सफल होने वाले गौरव सिंह को प्रथम राजा मनमोहन सिंह सम्मान, राजनीति में सफल पार्षद पंचायत एवं पालिका अध्यक्ष गणों का सम्मान किया। शाम 7 बजे शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें लगभग 7000 राजपूतों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन सुबह 7 बजे से त्रिवार्षिक चुनाव हुआ। 11 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। युवक-युवती परिचय सम्मेलन हुआ।

- समाज के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का हुआ निर्वाचन

### विषय विशेषज्ञों ने समाज के युवाओं का किया मार्गदर्शन

विषय विशेषज्ञ डॉ. सुधाकर सिंह, डॉ. प्रीति सिंह, देव, कमल गौतम, असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी आभास सिंह ने करिअर गाइडेंस पर युवाओं एवं पालकों को मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं सांस्कृतिक, खेल कूद एवं अन्य विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर विजयी प्रत्याशी बजरंग सिंह बैस अध्यक्ष, नरेंद्र सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पंकज भुवाल उपाध्यक्ष, नीरज सिंह कोषाध्यक्ष, अशोक सिंह महासचिव, सत्येन्द्र सिंह सहसचिव, घनश्याम सिंह उपसचिव, जितेंद्र सिंह प्रचार, महिला अध्यक्ष रश्मि सिंह, सचिव मधुबाला सिंह, युवा अध्यक्ष अनुराग सिंह, सचिव महेंद्र सिंह को केंद्रीय निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने प्रमाण पत्र प्रदान कर पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## लाइव इवेंट

# सांसद विजय ने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नायडू का किया सम्मान



**भिलाई।** राधाकृष्ण मंदिर स्थापना दिवस पर गीता जयंती विकाय कार्यों का लोकार्पण व सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम खोला बासीन में आयोजित था। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता जनपद पंचायत पाटन कीर्ती नायक ने किया। विशिष्ट अतिथि के रुप में छालीवुड अभिनेत्री व प्रदेश राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड अध्यक्ष मोना सेन थी। अतिथियों में जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू समेत अन्य अतिथिगण मौजूद थे। इस दौरान नाडी नस हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वाई अप्पल नायडू का सांसद ने प्रतीक चिन्ह, शाल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में हरिकिर्तन, रंग सरोवर कार्यक्रम भी आयोजित था।

## सिटी लाइव

# केंद्रीय सड़क परिवहन में दीपक शर्मा अपर बने महानिदेशक



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राजिम के मूल निवासी दीपक कुमार शर्मा को हाल ही में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार में अपर महानिदेशक के पद पर पदस्थ किया गया है। इस पद तक पहुंचने वाले दीपक शर्मा छत्तीसगढ़ के प्रथम अधिकारी हैं। मूलतः पितईबंद राजिम ने अपनी स्कूली शिक्षा नवापारा राजिम तथा सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक तथा स्नातकोत्तर की पढाई शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय रायपुर में पूरी की। 1992 में दीपक कुमार शर्मा का चयन भारतीय इंजीनियरिंग सेवा (आई ई एस) मे हुआ, जिसके बाद से उनकी पदस्थापना दिल्ली, दुर्ग, गांधीनगर, जयपुर, भोपाल तथा देहरादून में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवम राजमार्ग मंत्रालय तथा एनएचएआई के महत्वपूर्ण पदों पर रही। छत्तीसगढ में एनएचएआई के परियोजना निदेशक पद पर रहते हुए दुर्ग के प्रथम बायपास का निर्माण 2000 में उनके मार्गदर्शन में नियत समय से पूर्व पूरा हुआ था। दीपक शर्मा ने भारत सरकार के गुजरात राज्य के क्षेत्रीय अधिकारी के पद पर कार्य करते हुए गुजरात में दांडी हेरिटेज राजमार्ग व सोमनाथ-द्वारिका सड़क निर्माण, सरखेज-गांधीनगर के चार तथा छः लेन सहित अनेक फ्लाई ओवर के कार्य को सुगमता पूर्वक संपन्न कराया। दीपक शर्मा ने मध्य प्रदेश राज्य के मुख्य अभियंता सह क्षेत्रीय अधिकारी के पद पर राज्य की अनेक सड़क परियोजनाओं के योजना और क्रियान्वयन में महती भूमिका निभाई। शर्मा ने पहाड़ी क्षेत्रों हेतु सर्वोच्च न्यायालय की गठित कमेटियों से प्रोजेक्ट्स को क्लीयरेंस जून 2024 में दिलाने में योगदान दिया।

---

● जनभागीदारी समिति ने करीब 6 साल पहले शुरू की थी मोर नोनी योजना

# गर्ल्स कॉलेज में अनोखी पहल : अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट गरीब छात्राओं को पढ़ाने दे रहा 1 लाख, टीचर्स ले रहे गोद, उद्योगपति भी आगे आए

**भिलाई।** गर्ल्स कॉलेज दुर्ग में प्रोफेसर्स की अनोखी पहल से गरीब और जरुरतमंद छात्राओं का भविष्य संवर रहा है। ऐसी बच्चियां जो कॉलेज में पढ़ाई की फीस तक नहीं दे पा रहीं, उन्हें पढ़ाने का बीड़ा शहर की सामाजिक संस्थाओं, टीचर्स और समाजसेवियों ने उठाया है। इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा ऐसी बच्चियों के लिए प्रतिवर्ष 1 लाख रुपए का सहयोग प्रदान कर रहा है। इतना ही नहीं कॉलेज के करीब 30 प्रोफेसर्स औसतन 1 बच्ची को गोद लेकर उसकी फीस जमा करा रहे हैं। कॉलेज के ही प्रोफेसर डॉ. डीसी अग्रवाल ने केबीसी में करीब 50 लाख रुपए जीते थे। उन्होंने एक वर्ष 1 लाख रुपए की मदद इन बच्चियों के लिए की। वर्तमान में कॉलेज में नई जनभागीदारी समिति का गठन किया गया है, जिसमें उद्योगपति आके श्रीवास्तव ने 30 छात्राओं के लिए औसतन 1300 रुपए प्रति के हिसाब से सहयोग किए जाने सहमति दी है। इतना ही नहीं बैठक में दिनेश नलेडो द्वारा ने तत्काल 11 हजार रुपए की राशि प्रदान की, ताकि जरुरतमंद छात्राओं अपनी कॉलेज की पढ़ाई पूरी कर सकें। इस अनोखी पहल को लेकर डॉ. अग्रवाल ने बताया कि मदद ऐसी बच्चियों को की जाती है, जो बीपीएल श्रेणी से आती हों, उनका इंटरव्यू लिया जाता है। इसके बाद प्राथमिकता तय की जाती है। इसमें जिसके माता-पिता नहीं है, वे पहली प्राथमिकता में हैं। इसके बाद पिता नहीं है या माता नहीं है। दोनों मजदूरी करते हैं, बच्ची खुद कहीं काम करती है। ऐसी बच्चियों को उपलब्ध राशि के हिसाब से आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। बैठक में देवानन्द वर्मा, अश्वनी कुमार, मुकेश भारदीय, झरना वर्मा, मोहित कुमार गजवानी, डॉ. अमिता सहगल, डॉ. केएल राठी एवं डॉ. लता मेश्राम उपस्थित थे।




### कॉलेज की हर समस्या का निराकरण किए जाने बैठक में निर्णय

बैठक में अध्यक्ष प्रीति साहू ने महाविद्यालय द्वारा संचालित गतिविधियों की प्रशंसा की और हर संभव जनप्रतिनिधियों के माध्यम से महाविद्यालय की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने महाविद्यालय के पूर्व निर्णय एवं कार्यों का अनुमोदन करते हुए महाविद्यालय के लिये आवश्यकतानुसार सामग्री दो एसी एवं दस पंखे क्रय करने की अनुमति भी प्रदान की। प्राचार्य ने महाविद्यालय की तात्कालिक जरूरतों में कक्षों की कमी, प्राध्यापकों का अभाव, छात्रावास की जीर्ण स्थिति, खेल मैदान के संधारण जैसी समस्याएं बताई।महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की अनुमति चाही, तो समिति के उद्योगपति सदस्य आरके श्रीवास्तव ने बड़ी सहजता से खेल मैदान के समतलीकरण हेतु आवश्यक सामग्री एवं 30 छात्राओं को प्रति छात्रा 1100 की प्रोत्साहन राशि देने की स्वीकृति दी।

### बैठक में दी गई शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कार्यों की जानकारी

शासकीय कन्या महाविद्यालय की नवगठित जनभागीदारी की प्रबंध समिति की प्रथम बैठक अध्यक्ष प्रीति साहू की अध्यक्षता में हुई। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. डीसी अग्रवाल ने बताया कि महाविद्यालय की प्रथम बैठक में सदस्यों ने जो सकारात्मक पहल कर अपनी उदारता का परिचय दिया इससे महाविद्यालय की प्रगति का एक नई दिशा मिलेगी। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने सदस्यों का स्वागत किया। सभी सदस्यों का परिचय कराया गया। इसके उपरान्त महाविद्यालय की संक्षिप्त जानकारी दी गई तत्पश्चात महाविद्यालय के विकास में जनभागीदारी समिति की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। डॉ. अग्रवाल ने आगे बताया कि समिति के समक्ष जनभागीदारी मद से संचालित होने वाले शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। समिति के सदस्यों को महाविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष अंकेक्षित कराई जाने वाली रिपोर्ट की भी जानकारी दी गई।



### छात्रों को ट्राइसिकल और व्हीलचेयर भी उपलब्ध कराई जा रही

डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने महाविद्यालय में जरूरतमंद छात्राओं हेतु संचालित मोर नोनी योजना की जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष लगभग एक लाख रूपये की राशि छात्राओं को प्रवेश शुल्क के रूप में उपलब्ध करायी जाती है। सामाजिक सरोकार के अन्तर्गत सुधीर अग्रवाल द्वारा जरूरतमंद छात्राओं को ट्राइसिकल एवं व्हीलचेयर जैसी जरूरत की सामग्री भी उपलब्ध करायी गई है। विधायक प्रतिनिधि दिनेश नलेडो ने 11 हजार रुपये की राशि इस कार्य हेतु उपलब्ध कराई है। मनीष कोठारी अपनी मेहन्दी लगाने की प्रोफेशनल कला से महाविद्यालय की छात्राओं को स्वालम्बी बनाने के लिए लगातार निःशुल्क कार्यशालाओं का आयोजन करेंगे।

---

## सर्वसम्मति से निर्णय...

# अजय भसीन बने चेम्बर के प्रदेश महामंत्री, शपथ ग्रहण समारोह आज



**भिलाई।** दो जिलों में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव एवं बाकी जिलों में निर्विरोध निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली ने सतीश थौरानी को अध्यक्ष, अजय भसीन को महामंत्री और निकेश बरडिया को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। भिलाई के युवा व्यापारी अजय भसीन को पुनः प्रदेश महामंत्री के पद पर निर्वाचित किया गया है। भिलाई जिले से प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल और प्रदेश मंत्री मनोहर कृष्णानी भी निर्वाचित हुए हैं, जो भिलाई के लिए गर्व की बात है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह 20 अप्रैल रविवार को रायपुर के शहीद स्मारक भवन में आयोजित किया जाएगा। इस हेतु चेम्बर प्रतिनिधिमण्डल ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंटकर उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित किया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव, वित्त मंत्री माननीय ओपी चौधरी, बृजमोहन अग्रवाल सहित अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। शदाणी दरबार के संत साई युधिष्ठिर लाल, चकरभाठा अमरधाम के संत साई लालदास और देवपुरी धाम की महंत अम्मा मीरा देवी भी समारोह में आशीर्वाद देने उपस्थित रहेंगे। गारगी शंकर मिश्रा ने बताया कि इस समारोह में प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष के साथ 30 प्रदेश उपाध्यक्ष और 30 प्रदेश मंत्री भी शपथ लेंगे। समारोह में प्रदेश की सभी इकाइयों के नवनिर्वाचित पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी और चेम्बर के सदस्य शामिल होंगे। समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, और भिलाई महिला इकाई, उद्योग इकाई, युवा इकाई और परिवहन इकाई के पूर्व पदाधिकारी भी इस आयोजन में भाग लेंगे। मुलाकात के दौरान मुख्य रूप से भोलानाथ सेठ, विकास पंचाल, मनोज बक्तानि,राजेश शर्मा, सुनील मिश्रा, शिवराज शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

**चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को किया आमंत्रित**

## आयोजन

# मसीही समाज ने किया रक्तदान आपसी भाईचारे का दिया संदेश



**भिलाई।** रक्त का संबंध जीवन से होता है, जिस प्रकार जीवन के विकास के लिए रक्त की आवश्यकता होती है। उसी प्रकार मसीही समाज जो यीशु मसीह का अनुसरण करते हैं।

उन्होंने अपने आत्मिक जीवन के लिए यीशु के लहू को ग्रहण किया है। क्योंकि यीशु ने भी अपने बहुमूल्य रक्त को बहाकर हमें संदेश दिया। इस दुख भोग सप्ताह के समय हम मसीही प्रेम को प्रकट एवं स्मरण करते हुए छत्तीसगढ़ डायोसिस (उत्तर भारत की) रायपुर के नेतृत्व में तथा सेंट थॉमस चर्च सीएनआई भिलाई की कलीसिया द्वारा स्थानीय पासवान रेवरेंट जे. स्टेनली की अगुवाई में शुभ शुक्रवार को जिला अस्पताल दुर्ग में जाकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वयं रक्तदान करके, समाज के लिए एक सार्थक प्रयास कर भिलाई-दुर्ग शहर में अपने आपसी प्रेम और सौहाद्र को बांटने का एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया।

रक्तदान के लिए सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा दिया। सेंट थॉमस चर्च सीएनआई भिलाई के कोषाध्यक्ष अनंत शिवप्पा, सुदेश लाल, विशाल डेनियल, केनिथ, सौजन्या, हाबेल राजू, निर्मल दास, अनूप शिवप्पा, क्षितिज मेनन, प्रतिश लाल, साइमन सौर्य पार्कर, 4 नर्सिंग छात्र जितिन सिजू,एलिन थॉमस, सिबी रेजी, सोफिन जिंसी आदि ने रक्तदान कर मसीही समाज का प्रेम उत्साह और हौसला बढ़कर मानवता का संदेश दिया।

**जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में किया डोनेट**

---

## ट्विनसिटी में कानून की पढ़ाई के लिए शैक्षणिक संस्थाओं में बेहतर वातावरण

# लॉ के क्षेत्र में रोजगार के अवसर, क्लैट चयन परीक्षा में युवाओं की बढ़ रही रूचि

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** इन दिनों कानून(लॉ) के क्षेत्र में विधार्थियों का रुझान बढ़ा है। क्लैट की चयन परीक्षा में बढ़ती प्रतिभागियों की संख्या इसका उदाहरण है। लॉ को करियर के रूप में अपनाने का सपना देख रहे युवाओं के लिए कई विकल्प मौजूद हैं। सबसे पहले सवाल यह उठता है कि लॉ की पढ़ाई के लिए योग्यता क्या होना चाहिए? फीस कितनी होगी? कौन से संस्थान अच्छे हैं? और इसमें रोजगार के अवसर कहा मिलेंगे। सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार कैसे मिलेगा? हमें इन सब की जानकारी होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के लिए आपको किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से हॉयर सेकंडरी 10+2 की परीक्षा न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। 12 वीं के बाद आप पांच वर्षीय लॉ के कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं, इसके लिए आपको क्लैट की परीक्षा देनी होगी। आप चाहें तो ग्रेजुएशन करने के बाद भी लॉ कर सकते हैं। ग्रेजुएशन के बाद तीन वर्षीय प्रोग्राम में प्रवेश ले सकते हैं। इसके लिए बहुत से संस्थान प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं और अधिकांश बिना प्रवेश परीक्षा के डायरेक्ट प्रवेश देते हैं। पांच वर्षीय लॉ पाठ्यक्रम अलग अलग स्ट्रीम में उपलब्ध है, जैसे बीए एलएलबी, बी कॉम एलएलबी, बीएससी एलएलबी आदि। इससे आप अपनी पसंद के कोर्स में ग्रेजुएट भी हो जाएंगे और लॉ भी कर सकेंगे। लॉ की उपाधि लेने के बाद आपको बार काउंसिल ऑफ इंडिया में पंजीयन कराना होगा तभी आप कोर्ट में प्रैक्टिस कर सकेंगे। इसके अलावा अगर आप वकालत नहीं करना चाहते हैं तो सहायक अभियोजन अधिकारी, पब्लिक सेक्टर, बैंकिंग सेक्टर में भी जॉब कर सकते हैं।




### एलएलएम और पीएचडी तक करने का अवसर

शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर डॉ. सुशील चंद्र तिवारी ने बताया कि यदि आपकी रुचि शिक्षा के क्षेत्र में है तो प्रोफेसर बन सकते हैं। इसके लिए आपको लॉ ग्रेजुएशन करने के बाद पोस्ट ग्रेजुएशन एलएल एम करना होगा और नेट या पीएचडी की उपाधि प्राप्त करनी होगी। लॉ के क्षेत्र में करियर अपनाने के बाद अन्य क्षेत्र की तरह यहां भी स्पेशलाइजेशन का महत्व बढ़ गया हैं जैसे क्रिमिनल लॉ, कॉरपोरेट लॉ, लीगल जर्नलिस्ट, सायबर लॉ, कंज्यूमर प्रोटेक्शन लॉ, टैक्स लॉ आदि बहुत से क्षेत्र हैं, जहां आप महारत हासिल कर सकते हैं। आर्थिक गतिविधियों के विकास और डिजिटल दौर के बाद से वकालत का क्षेत्र बढ़ता ही जा रहा है। जिससे रोजगार के अवसर बढ़े हैं। आज कोई भी क्षेत्र कानून से अछूता नहीं है।

### कानून के जानकारों की आवश्यकता दिन प्रतिदिन बढ़ रही

डॉ. तिवारी ने बताया कि सामान्य जीवन की गतिविधियों में कानून के जानकारों की आवश्यकता पड़ती ही है। इस लिए यह क्षेत्र युवाओं के लिए एक स्थायित्व और विकास की संभावनाओं से भरा हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार यह एक उच्च स्तरीय और विशेषज्ञताओं से भरा क्षेत्र है जहां सरकारी और निजी सेक्टर में अच्छे अवसर हैं। इसके लिए आपको पढ़ने की आदत होने के साथ ही प्रेजेंटेशन स्किल्स, संवाद कुशलता होना बहुत काम आता है। छत्तीसगढ़ में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के साथ ही कई विश्वविद्याल और महाविद्यालय लॉ की शिक्षा दे रहें है। श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में पांच एवं तीनवर्षीय लॉ का कोर्स उपलब्ध है।

### ट्विनसिटी में लॉ की पढ़ाई के पर्याप्त अवसर

विश्वविद्यालय के डायरेक्टर विकास, डॉ सुशील चंद्र तिवारी ने जानकारी दी कि ट्विनसिटी में पढ़ाई के पर्याप्त अवसर हैं। बीसीआई से मान्यता प्राप्त बीए एलएलबी, बी कॉम एलएलबी तथा तीन वर्षीय लॉ पाठ्यक्रम उपलब्ध है, जहां उच्च स्तरीय ग्रन्थालय और मूट कोर्ट की सुविधा योग्य शिक्षकों के साथ उपलब्ध हैं। लॉ को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रवेश परीक्षा की तैयारी प्रारंभ कर देनी चाहिए या सीधे प्रवेश देने वाले संस्थानों से संपर्क में रहें। शैक्षणिक संस्थाओं में लगातार करियर गाइडेंस भी दिया जा रहा है, ताकि युवाओं में कानून एजुकेशन को लेकर अवेयरनेस आ सके।

## हेल्थ टिप्स

### सुबह-शाम की दौड़ में इन बातों का ध्यान रखने से मिलेगा ज्यादा फायदा

अगर आप रनिंग करते हैं, ताकि आपकी सेहत अच्छी बनी रहे, तो आपको इन बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए, वरना आपकी सेहत को पूरा पूरा फायदा नहीं पाएगा और मस्टेक आपकी सेहत पर भारी पड़ सकती है।



### रनिंग के दौरान किन बातों का रखें ध्यान?

दौड़ लगाने के लिए जूते पहनना बेहद जरूरी है और वह भी सही जूते। आप रनिंग के दौरान ऐसे जूते पहनें, जिनके सोल मोटे हो, ताकि आपके पैरों को सपोर्ट मिले। खराब क्वालिटी के जूते पहनने से घुटनों और एड़ियों में दर्द हो सकता है, जिससे चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है।

अचानक से रनिंग शुरू करना ठीक नहीं होता है। पहले कुछ देर वार्म अप करें। हल्की जॉगिंग और स्ट्रेचिंग करें। इससे शरीर एक्टिव हो जाता है। कुछ लोग लगातार शुरू से लेकर आखिर तक दौड़ते ही रहते हैं। इसके बजाय बीच-बीच में थोड़ी गति को कम करें पैदल चलें। इससे घुटनों पर दबाव कम पड़ेगा और स्टैमिना भी अच्छी होगी। रनिंग के दौरान पसीना निकलता है, इस वजह से आपको डिहाइड्रेशन हो सकता है। इसलिए रनिंग से पहले पानी पिएं और बीच-बीच में पानी पीते रहें। रनिंग के दौरान हमेशा नाक से सांस लें और छोड़ें। अगर आप मुंह से सांस लेंगे, तो आपका गला सूख सकता है और आपको थकान महसूस हो सकती है। दौड़ लगाते समय पोस्चर का भी सही ध्यान रखना होता है। अपने कंधों को रिलैक्स रखें

### दिन भर में आपकी उत्पादकता में सुधार होता है

व्यायाम आपको मानसिक और शारीरिक दोनों तरह से ताजगी देता है। यह न केवल आपकी सजगता बढ़ाता है, बल्कि आपको सही समय पर बिस्तर से उठने में भी मदद करता है। एक अच्छी दौड़ के बाद, शरीर में अधिक एड्रेनालाईन और एंडोर्फिन प्रवाहित होते हैं। जो आपके कसरत खत्म होने के बाद घंटों तक बनी रह सकती है।

### हृदय के स्वास्थ्य में सुधार



क्या आप हृदय रोग के जोखिम को लगभग आधा कम करना चाहते हैं? हर दिन पाँच मिनट की दौड़ आपके और हृदय रोग के कम जोखिम के बीच की कड़ी है। शोध से पता चलता है कि धावकों में समय से पहले मृत्यु का जोखिम 27% कम होता है और हृदय संबंधी समस्याओं से मृत्यु का जोखिम 30% कम होता है। यह सभी धावकों के लिए सच है, चाहे वे कितनी भी तेज दौड़ें या कितनी भी देर तक दौड़ें। सभी खातों के अनुसार, दौड़ना आपको स्वस्थ रहने और लंबे समय तक जीने में मदद करता है।

### चयापचय को करता है तेज

हमारे द्वारा खाए जाने वाले भोजन के साथ दो में से एक चीज होती है। इसे या तो शरीर द्वारा ऊर्जा के स्रोत के रूप में खाया जा सकता है, या इसे वसा के रूप में संग्रहित किया जा सकता है। यदि आप फिट रहना चाहते हैं या कुछ वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो आप नहीं चाहेंगे कि आपका शरीर वसा जमा करे। इस मामले में, आपको सुबह नाश्ते से पहले दौड़ना शुरू कर देना चाहिए। ऐसा इसलिए है, क्योंकि कसरत के बाद, आपका शरीर भोजन को संग्रहीत करने के बजाय खुद को पुनर्स्थापित करने के लिए उपयोग करता है। इसके अलावा, सुबह की सैर आपके चयापचय को बढ़ावा देगी, जिससे आपके शरीर को पूरे दिन कैलोरी जलाने में मदद मिलेगी। इसका यह भी मतलब है कि आपको समाप्त होने के बाद भूख लगने की संभावना है, जिससे आप दिन का सबसे महत्वपूर्ण भोजन छोड़ने की संभावना कम कर देंगे।

### बेहतर संयुक्त स्वास्थ्य



एक समय था जब लोग सोचते थे कि दौड़ना आपके जोड़ों के लिए बुरा है। हालाँकि, हाल के अध्ययनों से पता चला है कि धावकों में वास्तव में जोड़ों की समस्याएँ होने की संभावना कम होती है। इसका कारण यह है कि धावकों के फिट रहने और कम वजन उठाने की संभावना अधिक होती है, जिससे जोड़ों पर दबाव कम पड़ता है।

## रोजमर्रा की भागदौड़ में हम नजरअंदाज कर जाते हैं रीढ़ की हड्डी का दर्द

# जवानी में ही परेशान करने लगी है रीढ़ की हड्डी तुरंत समाधान के लिए करें पहल और पाएं आराम

रीढ़ की हड्डी शरीर के सबसे जरूरी अंगों में से एक है। लेकिन रोजमर्रा के जीवन में हम अक्सर इसे नजरअंदाज करते हैं और इसे नुकसान पहुंचाने वाले कई कार्य करते रहते हैं। भाग-दौड़ भरी जिंदगी और गलत लाइफस्टाइल की वजह से आजकल युवाओं में बैक पेन की समस्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। ऑफिस में लंबे समय तक एक ही अवस्था में बैठे रहने और घर में सफाई करते समय चीजों को गलत तरीके से उठाने जैसी कई वजहों से रीढ़ की हड्डी प्रभावित होती है। ऐसे में स्पाइनल कॉर्ड और स्लिप डिस्क की समस्या होना लाजमी है। मुख्य तौर पर तीन तरह की मांसपेशियां रीढ़ को सपोर्ट करती हैं, जिनमें पहली एक्सटेंसर मांसपेशी है, जो खड़े होने में मदद करती है। दूसरी होती है फ्लेक्सर मांसपेशी, जो कूल्हे को मोड़ने का काम करती है। वहीं तीसरी होती है ओब्लिक या रोटेटर्स मांसपेशी, जो पेट की मांसपेशियों को पकड़ने का कार्य करती है। इन सभी का सही से काम करना जरूरी है, वरना आपको परेशानी हो सकती है।



### वजह जान लें

कमर दर्द का सबसे आम कारण है रीढ़ की मांसपेशियों में खिंचाव या मोच आना, जो कि कुछ लोगों में आनुवांशिक रूप से भी स्थानांतरित होता है। वहीं, बहुत देर तक बैठे रहने, गलत तरीके से सोने और हील एवं गलत आकार के जूते पहनने की वजह से भी रीढ़ की हड्डी प्रभावित होती है। कई बार चोट लगने पर भी स्पाइन की समस्या होती है। इसके अलावा वजन बढ़ना, शरीर में विटामिन और कैल्शियम की कमी भी आपकी रीढ़ की हड्डी को नुकसान पहुंचाती है।


### लक्षणों को पहचानें

इसके मुख्य लक्षणों में मांसपेशियों में ऐंठन, खिंचाव, पीठ के निचले हिस्से में दर्द एवं जकड़न होना और रात के समय अत्यधिक दर्द महसूस करना शामिल है। इसके साथ ही जब आपको यह समस्या होती है तो यह पीठ का दर्द कूल्हों तक फैल जाता है और पैर सुन्न हो गए हैं, ऐसा महसूस होता है। इस वजह से आपको चलते समय परेशानी होती है और व्यायाम करने पर दर्द अधिक बढ़ जाता है।



### समस्या का निदान

रीढ़ की हड्डी में हल्का या तेज दर्द होने पर नरम या ठोस बिस्तर पर न सोएं, क्योंकि इसकी वजह से ही लोगों में यह समस्या बढ़ जाती है। वहीं, नशीले पदार्थों का सेवन करने से रीढ़ की हड्डी में रक्त का प्रवाह कम हो



जाता है। ऐसे में रीढ़ के निचले हिस्से को पर्याप्त मात्रा में पोषण नहीं मिल पाता है, इसलिए खान-पान का खास ख्याल रखें।

### रखें ध्यान

अगर आपको पेट के बल सोने की आदत है तो इसे बदलें। स्ट्रेचिंग करें, योग एवं व्यायाम को समय दें, एक्सरसाइज करने से रीढ़ की हड्डी को मजबूत होने में मदद मिलती है। देर तक बैठने से बचें। सीनियर ऑर्थोपेडिक सर्जन और स्पाइन विशेषज्ञ डॉ. अमित अग्रवाल बताते हैं, लोअर बैक पेन की समस्या के पीछे कई कारण होते हैं, जैसे कि वजन बढ़ना, फिजिकल एक्टिविटी कम करना, लंबे समय तक बैठना और पोस्चर सही न होना आदि।



## तेजी से झड़ते बालों को रोकने योगासन बनेगा सहारा

बालों का झड़ना एक सामान्य समस्या है जो कई लोगों को परेशान करती है। यह कई कारणों से हो सकता है, जैसे कि रोग, पोषण की कमी, तनाव, और अन्य अनुपातिक आहार। बालों के झड़ने को रोकने के लिए आपको अपने खानपान, जीवनशैली, और संतुलित देखभाल का ध्यान रखना चाहिए। उपयुक्त पोषण, सही तरीके से बालों की देखभाल, और नियमित जरूरी धूप और व्यायाम करने से बालों के झड़ने की समस्या को कम किया जा सकता है। यदि आपके बालों का झड़ना गंभीर है, तो एक डॉक्टर से सलाह लेना सर्वोत्तम होगा।

योग बालों के स्वास्थ्य को सुधारने और उनकी ग्रोथ को बढ़ाने में मदद कर सकता है। योग अभ्यास से आपका शरीर संतुलित रहता है, जिससे बालों का स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। इस लेख के माध्यम से कुछ योग आसनों के बारे में बताया जा रहा है, जो बालों की सेहत में सुधार लाते हैं, जिससे बाल झड़ना कम होते हैं और घने व लंबे हो सकते हैं।

### उत्तानासन




इस आसन में, आपको अपने पैरों को सीधा रखकर आगे की ओर झुकना होता है। यह आसन सिर्फ बालों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद नहीं करता है, बल्कि पीठ और पेट के मांसपेशियों को भी मजबूत बनाता है।

### बलासन

यह आसन तनाव को कम करने और मस्तिष्क को शांत करने में मदद करता है, जिससे बालों के झड़ने को भी कम किया जा सकता है। इस आसन को करने के लिए घुटनों को मोड़कर वज्रासन की मुद्रा में बैठा जाता है और हाथों को ऊपर की ओर ले जाते हुए गहरी सांस लेनी होती है।

### वज्रासन

इस सरल योग से बालों की ग्रोथ अच्छी होती है। पेट संबंधित परेशानियों को कम करता है, जो पतले और झड़ते बालों का मुख्य कारण है। इस आसन को करने के लिए घुटनों को जमीन पर टिकाकर बैठ जाएं। पल्म्स को ऊपरी जांघों पर रखें। ध्यान की मुद्रा में 5-10 मिनट बैठें।



# बिना कोको पाउडर के भी बना सकते हैं हॉट चॉकलेट

हॉट चॉकलेट कहें या चॉकलेट मिल्क, चॉकलेट के फ्लेवर से भरपूर इस ड्रिंक के बच्चों से लेकर बड़े हर कोई दीवाने हैं। सर्दियों के मौसम में चाय कॉफी के अलावा लोग हॉट चॉकलेट भी पीना खूब पसंद करते हैं। बच्चे अक्सर दूध पीने में आनाकानी करते हैं, ऐसे में अक्सर मम्मी बच्चों के दूध में कोको पाउडर मिलकर पीने के लिए दे देती हैं। चॉकलेट फ्लेवर होने के कारण बच्चे आसानी से दूध पी जाते हैं। कई बार ऐसा होता है, जब घर में कोको पाउडर खत्म हो जाता है, ऐसे में आज हम आपको हॉट चॉकलेट की दो खास रेसिपी बताएंगे, जिससे आप आसानी से घर पर ही बिना कोको पाउडर के हॉट चॉकलेट बना सकते हैं।



### हॉट चॉकलेट रेसिपी

एक पैन में दो गिलास दूध गर्म करने के लिए रखें। दूध में उबाल आ जाए तो एक कप में थोड़ा दूध लेकर उसमें 100-150 ग्राम चॉकलेट के टुकड़ों को डालकर मिक्स करें। चॉकलेट और मिल्क पिघल जाए तो उसमें एक चम्मच कॉर्न फ्लोरमिलाकर मिक्स करें। चॉकलेट और कॉर्न फ्लोर की स्लरी को उबलते हुए दूध में मिलाकर पकाएं। जब दूध में चॉकलेट उबल जाए तो आंच बंद कर दें और गिलास में छान लें। ऊपर से फ्रेश क्रीम से गार्निश करें और पीने के लिए गरमा गरम सर्व करें।

### हॉट चॉकलेट बनाने के दूसरा तरीका

पैन में दूध गर्म करने के लिए रखें साथ ही अच्छी फ्लेवर के लिए एक इंच दालचीनी का टुकड़ा डालकर उबाल लें। दूध में उबाल आ जाए, तो चॉकलेट को बारीक काटकर गर्म दूध के साथ मिक्स कर मेल्ट करें। दूध और चॉकलेट अच्छे से मेल्ट हो जाए तो उसमें स्वादानुसार चीनी मिलाकर पका लें। ध्यान रखें कि चॉकलेट को ज्यादा उबालना या पकाना नहीं है, नहीं तो स्वाद बिगड़ जाएगा। चॉकलेट वॉफल, मंच या पर्क चॉकलेट को बारीक काट लें और सर्विंग गिलास में डालें। सर्विंग गिलास को चॉकलेट सिरप से डेकोरेट कर तैयार हॉट चॉकलेट को गिलास में डालकर पीने के लिए सर्व करें। आपका हॉट चॉकलेट बनकर तैयार है, सर्दियों में बच्चों के साथ इस गरमा-गरम ड्रिंक का मजा लें।

## कुंवारी सूत्र और मौली धागे में होता है अंतर, आप भी जानिए

किसी भी शुभ काम के दौरान मौली बांधे जाने का विधान है। ऐसा माना जाता है कि मौली बांधने से नकारात्मकता दूर होती है। वहीं, कुछ स्थानों पर मौली के बजाय सफेद रंग का धागा हाथ में बांधा जाता है।



मौली धागा लाल रंग का होता है। मौली धागा यानी कि कलावा जब भी हाथ में बांधा जाता है तो उसे पहले मंत्रों से अभिमंत्रित किया जाता है। इसके बाद ही उसे धारण करते हैं। इसके अलावा, मौली धागे को जब बांधा जाता है तो उसे तीन बार लपेटे जाने का विधान है।

कुंवारी सूत्र सफेद रंग का धागा होता है। हालांकि इसे ऐसे ही धारण नहीं किया जाता है। कुंवारी सूत्र को पहले पीले रंग के शुद्ध हल्दी वाले पानी में डुबोया जाता है। फिर मंत्र पढ़े जाते हैं। मंत्रोच्चार के बाद कुंवारी सूत्र धारण किया जाता है। विशेष बात यह है कि इसे सिर्फ कुंवारी कन्याएं ही धारण कर सकती हैं। इसे पुरुषों द्वारा धारण नहीं किया जाता है।

भिलाई बाजार



भिलाई शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिष
पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखि उपासक
फीस 251/-
पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखी की असीम कृपा और साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुण्डली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिशाच दोष, गृहणी दोष, गृहकलेश, पति पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, संतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, उच्चाटन, मारण, मस्तिष्क दमन, वशीकरण इन बाधाओं से पीड़ित भक्तगण की समस्या माँ बगुला मुखी की साधना द्वारा समाधान
माँ बगुला मुखी ज्योतिष कार्यालय
समय - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक
पता - जुनवानी कोहका रोड, अमन ढाबा के बाजु में, भिलाई
मो.: 8871250663

## कार्नर न्यूज

## पैरेंट्स पर निर्भर होने के बजाए खुद उठा सकते हैं पढ़ाई का खर्च

# घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं तो अपनी अपनी पॉकेट मनी को ऐसे कीजिए मैनेज, बन जाएंगे कई काम

स्टूडेंट लाइफ में बच्चे ज्यादातर अपने पेरेंट्स पर निर्भर होते हैं। ऐसे में, उन्हें घर से दूर रह कर पढ़ाई करने और खर्च को मैनेज करने के लिए एक्सपर्ट के टिप्स टिप्स की जरूरत पड़ सकती है। पैसे का प्रबंधन करना एक महत्वपूर्ण स्किल होता है, जो हर किसी के बस की बात नहीं होती है। कुछ लोग बिना किसी मतलब के भी माता-पिता के पैसे यूं उड़ा देते हैं। हालांकि, कुछ स्टूडेंट्स अपने पैरेंट्स के दिए पैसों का नाजायज फायदा नहीं उठाते हैं। पर, घर से दूर रहकर पढ़ाई करना, रहना और खाना -पीना सबकुछ मैनेज करना इतना भी आसान नहीं होता है। अगर आप भी घर से दूर रहकर पढ़कर रहे हैं और अपने खर्चे पर कंट्रोल या मैनेज करना चाहते हैं, तो ममता शेखावत के बताए गए टिप्स आपके लिए फायदेमंद हो सकते हैं।



### एक बजट बनाएं

अपनी मासिक आय और अपने खर्चों का एक लिस्ट तैयार करें। अपनी आवश्यकताओं और इच्छाओं के बीच अंतर समझकर हर खर्च के लिए एक निश्चित राशि तय करें। फिर अपने बजट के अनुसार काम करें।

### रहने के लिए चुनें किफायती आवास

बैचलर लाइफ में खासकर अगर आप पैरेंट्स से पैसे ले रहे हैं, तो आपको रहने के लिए भी किफायती जगह या होस्टल का चुनाव करना चाहिए। इसके लिए आप चाहें तो दोस्तों के साथ शेयरिंग करके भी रह सकते हैं। इससे आपका खर्च काफी हद तक बचेगा। इन पैसों को आप खाने और पढ़ाई करने में यूज कर सकते हैं।



### ट्रैवल खर्चों का भी रखें ध्यान

कहीं क्लास या घूमने-फिरने जाने के लिए कैब बुक करने से बचें। इसके लिए आप सार्वजनिक वाहन का सहारा ले सकते हैं। इसके अलावा, अगर आप पार्ट टाइम जॉब भी कर रहे हैं, तो कार रखने के बजाय छोटे वाहन या बाइक का इस्तेमाल करें।

### छात्र छूट का करें इस्तेमाल

परिवहन, मनोरंजन और खरीदारी के लिए कई जगहों पर छात्रों को छूट दी जाती है। ऐसे में, अपनी आईडी का इस्तेमाल करके इसका लाभ उठा सकते हैं।

### मनोरंजन के खर्चों पर करें कंट्रोल

मौज-मस्ती करना वैसे तो जीवन में महत्वपूर्ण होता है, लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि आप फिल्म, संगीत कार्यक्रम या दोस्तों के साथ ज्यादा खर्च न करें। इसकी जगह मुफ्त या कम खर्च वाली जगहों की तलाश करके वहां एक्सप्लोर करें। स्टूडेंट लाइफ में मनोरंजन के साथ-साथ आपको अपनी जेब भी देखकर चलना होगा। तभी आप महीने भर अपने पैसे चला सकते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप' का ट्रेलर रिलीज, दर्शकों के लिए एडवेंचर



'द फैंटास्टिक फोर' नाम से हॉलीवुड में सुपरहीरो वाली फिल्म पहले भी बन चुकी है। इन्हीं कैरेक्टर्स पर कॉर्टून फिल्में भी बनी हैं। जल्द ही फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप' भी रिलीज होगी। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। हाल ही में हॉलीवुड की फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप' का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसके टीजर ने जहां दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी थी, वहीं अब ट्रेलर ने हंगामा ही कर दिया है। सुपरहीरो वाली फिल्में पसंद करने वाले दर्शक इसके ट्रेलर को देखकर खुश हैं। सोशल मीडिया पर ट्रेलर को अच्छा रेस्पॉन्स भी मिला है। जानिए क्या खास है फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप' के ट्रेलर में। सुपरहीरो वाली फिल्मों को पसंद करने वाला एक बड़ा दर्शक वर्ग दुनिया ही नहीं भारत में भी मौजूद है। स्पाइड मैन, सुपरमैन, आयरन मैन जैसे सुपरहीरो पर कई हॉलीवुड फिल्में बनी हैं। इनके अलावा चार अलग-अलग सुपरहीरो को एक साथ लाकर एक फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर' भी दर्शकों को देखने को मिली। इसी सीरीज की एक फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप' जल्द रिलीज होगी। यह फिल्म दुनिया भर में 25 जुलाई को रिलीज होगी।

फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप' का ट्रेलर रिलीज हुए चंद ही घंटे गुजरे हैं। इस फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। कुछ ही घंटों में इसके ट्रेलर को यूट्यूब पर 23 लाख व्यूज मिले हैं। दर्शकों को ट्रेलर में एक डायलॉग 'हम परिवार की तरह इस मुश्किल का सामना करेंगे' वाला डायलॉग सबसे ज्यादा पसंद आया है।

### टॉलीवुड

## पृथ्वीराज को 'आडुजीवितम' के लिए मिला पुरस्कार, पसंद की गई अदाकारी



पृथ्वीराज सुकुमारन इन दिनों अपनी फिल्म 'एल 2 एम्पुरान' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनके साथ मोहनलाल भी मुख्य भूमिका में नजर आए। इसी बीच पृथ्वीराज को उनकी फिल्म 'आडुजीवितम - द गोट लाइफ' के लिए सर्वक्षेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसे सुनकर उनके प्रशंसक बेहद खुश हैं।

16 अप्रैल को तिरुवनंतपुरम में आयोजित 54वें केरल राज्य फिल्म पुरस्कार समारोह में अभिनेता-निर्देशक पृथ्वीराज सुकुमारन को फिल्म 'आडुजीवितम - द गोट लाइफ' में नजीब की भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया गया। उन्हें यह पुरस्कार मलयालम सिनेमा और इसकी बेहतरीन प्रतिभाओं के लिए आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन द्वारा प्रदान किया गया। 'आडुजीवितम' फिल्म के निर्देशक ब्लेसी ने इंस्टाग्राम पर पृथ्वीराज के साथ कई तस्वीरें शेयर कीं और 54वें केरल राज्य में मिले सम्मान की झलकियां पेश कीं।

### छॉलीवुड

## जानकी-1 व गुईयां-2 का ट्रेलर लॉन्च, सितारों की सजी महफ़िल



छत्तीसगढ़ सिनेमा के इतिहास में ऐसा पहली बार दो मेगा फिल्मों का ट्रेलर एक साथ लांच किया गया। एन माही फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा निर्मित हिंदी-छत्तीसगढ़ी फिल्म जानकी भाग-1 और छत्तीसगढ़ी फिल्म गुईयां-2 का फर्स्ट ट्रेलर लांच बूढ़ा तालाब श्याम टॉकीज परिसर में शनिवार की शाम को आयोजित किया गया। इस दौरान दोनों फिल्म के सभी प्रमुख कलाकार सहित फिल्म की पूरी टीम, निर्माता एवं एक्शन डिजाइनर छत्तीसगढ़ के निर्माता मोहित कुमार साहू भी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य रूप में अभिनेता योगेश अग्रवाल, निर्माता सतीश जैन, मनोज वर्मा, निरज विक्रम, गजेन्द्र श्रीवास्तव, संतोष जैन, रॉकी दासवानी, भारती वर्मा, श्याम सिनेमा आनर्स लाभांश तिवारी, पूर्व पार्षद किरण साहू के करकमलों ट्रेलर लांच किया गया।

निर्माता मोहित साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ी फिल्म गुईयां-1 की अपार सफलता के लिए छत्तीसगढ़ की जनता का आभार, इसी के साथ मैं बता देना चाहता हूं कि अभी कहानी खत्म नहीं हुआ है, हमने आज ही गुइयां -2 का भव्य ट्रेलर लांच किया है, इसके साथ ही मेगाबस्टर हिंदी- छत्तीसगढ़ी फिल्म जानकी -1 का ट्रेलर भी लॉन्च किया है, जो छत्तीसगढ़ के साथ पेन इंडिया रिलीज होना है। मोहित साहू ने कहा कि उम्मीद है कि जनता का जैसे प्यार, दुलार और स्पोर्ट अब तक मिला है वैसा ही हमारे इन दोनों फिल्मों को भी मिलेगा और हम एक बार फिर इतिहास रचने कामयाब होंगे। उन्होंने बताया कि गुईयां -2 अगले मई के 2 तारीख की रिलीज होने वाला है, जबकि जानकी भाग -1 इसके अगले महीने 13 जून को रिलीज किया जाएगा।

बता दे कि हाल ही में अचानक छालीवुड फिल्म स्टार अमलेश नागेश ने एक वीडियो के माध्यम से इंडस्ट्री से दूरी बना लेने की मंशा जाहिर किया था, परंतु छत्तीसगढ़ी फिल्म के चहेते उनके प्यारे प्रशंसकों के प्यार और दुलार ने उन्हें इंडस्ट्री में एक बार फिर खींच लाया है और अब वे फिल्म गुईयां -2 में सुपर स्टार दिलेश साहू, प्रकाश अवस्थी,अनुकृति चौहान, दीक्षा जायसवाल जैसे स्टार के साथ इस फिल्म में एक बार फिर ब्लाकबस्टर इंट्री करने जा रहे हैं।


लाइफ



## भारतीय फैशन उद्योग में उछाल

देश की तेजी से बढ़ती युवाओं की आबादी के चलते भारतीय फैशन उद्योग में बूम जैसी स्थिति है। मैकिन्से एंड कंपनी की रिपोर्ट में 2027 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बनने की भारत की क्षमता पर प्रकाश डाला गया है। यह उछाल 'मध्यम वर्ग का विस्तार', 'युवा जनसांख्यिकी' और 'डिजिटल उछाल' जैसे कई कारकों से प्रेरित है। इसके अलावा, डिजिटल स्पेस के बढ़ते उपयोग ने भी भारतीय फैशन उद्योग को ऊंचाईयां दी है।

## लंबे समय तक टिका रहेगा बालों का कलर, एक्सपर्ट से जानें तरीका



बालों में कलर करना आजकल लोगों को काफी पसंद है। लेकिन यह तो अजीब लगता है। जब यह हटने लगता है। इससे बालों का टेक्सचर भी खराब होने लगता है। इसके लिए जरूरी है कि आप एक्सपर्ट सलाह लें। बालों को हेल्दी रखना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन आजकल लोग हेयर ट्रीटमेंट के साथ-साथ बालों में कलर करना भी काफी पसंद कर रहे हैं। अलग-अलग तरह के कलर लोगों की पसंद बनते जा रहे हैं। कई सारे लोग डबल शेड के कलर को अपने बालों में कराते हैं। वहीं कई लोग एक ही कलर को अपने बालों के आधे हिस्से पर करना पसंद करते हैं। लेकिन दिक्कत तब आती है जब कुछ समय बाद यह कलर खराब होने लगता है। इसके लिए आपको डॉक्टर सलोनी वोहरा के टिप्स को फॉलो करें। इसमें उन्होंने बताया है कि आप किस तरह से बालों के कलर को बचाकर रख सकते हैं। चलिए आपको भी इसकी जानकारी देते हैं।

### कलर करने से पहले डीप कंडीशनिंग ट्रीटमेंट लें

बालों में कलर कराने से पहले अपने बालों के लिए डीप कंडीशनिंग ट्रीटमेंट जरूर लें। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे बालों में किया गया कलर अच्छे से लग पाता है। साथ ही जब ये ट्रीटमेंट पूरा हो जाता है तो इससे बाल अच्छे और शाइनी लगते हैं। इसे कराने के बाद आपके बाल भी कम डैमेज होते हैं। इसलिए आपको इसे जरूर ट्राई करना चाहिए। आप चाहें तो इसके लिए एक्सपर्ट की सलाह भी ले सकती हैं।

### कलर प्रोटेक्टिंग हेयर प्रोडक्ट का करें इस्तेमाल

जब भी आप बालों को कलर कराते हैं तो जिस जगह से आप इन्हें करवाते हैं। वहां से आपको कुछ ऐसे प्रोडक्ट मिलते हैं जिन्हें आपको इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि आपके बालों का कलर लंबे समय तक टिका रहे। यह कलर प्रोटेक्टिव प्रोडक्ट होते हैं। जिससे बाल हेल्दी रहते हैं।

## पार्टी में स्टाइल करें चेक डिजाइन आउटफिट्स






पार्टी में जाने के लिए आप अगर किसी अलग तरीके के डिजाइन के आउटफिट को सर्च कर रही हैं, तो इस बार आप चेक आउटफिट को स्टाइल करें। इसमें आपका लुक काफी अच्छा लगेगा।

पार्टी में जाना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन वहां जाने के लिए अक्सर हम एक ही चीज को लेकर कंफ्यूज रहते हैं कि क्या पहनकर जाया जाए। इसके लिए हम कई सारे कपड़ो को वॉर्डरोब से बाहर निकालते हैं, ताकि अगर कुछ समझ आए तो उसे स्टाइल करें। लेकिन ऐसा नहीं होता है। ऐसे में आप इस बार चेक डिजाइन वाले आउटफिट को स्टाइल करें। चेक डिजाइन वाली ड्रेस अच्छी लगती हैं और लुक को अलग दिखाती हैं। इसमें आपको ऑप्शन भी कई सारे मिल जाते हैं। चलिए आपको बताते हैं किन ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं।

**मैक्सी ड्रेस:** आप अगर डे पार्टी के लिए आउटफिट ऑप्शन सर्च कर रही हैं तो इसके लिए आप चेक डिजाइन वाली मैक्सी ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे स्टाइल करके आप सबसे अलग और अट्रैक्टिव नजर आने वाली हैं। इसमें आपको ए लाइन मैक्सी ड्रेस और स्लिट कट मैक्सी ड्रेस के ऑप्शन मिल जाएंगे। इस ड्रेस के साथ आप पर्ल ज्वेलरी को वियर कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह की ड्रेस आपको मार्केट में 250 से 500 रुपये में मिल जाएगी।

**ए लाइन ड्रेस करें स्टाइल :** आप चेक डिजाइन में ए लाइन ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं।

## पुरानी साड़ी से बनाएं खूबसूरत आउटफिट्स, लोग करेंगे तारीफ



पुरानी साड़ी को अलमारी में रखने की बजाए उसे दोबारा रीयूज करें और अलग-अलग डिजाइन की ड्रेस तैयार करवाएं। इससे आपको मार्केट जाकर पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जब भी हमें कहीं बाहर जाना होता है तो इसके लिए हम काफी समय पहले से ही शॉपिंग करना शुरू कर देते हैं। किसी को एथनिक आउटफिट खरीदना पसंद होता है तो कोई अपने लिए वेस्टर्न ड्रेस को खरीदता है। लेकिन जो कपड़े हमारी अलमारी में पहले से ही रखे हुए होते हैं उसे इस्तेमाल करना हम भूल जाते हैं। साड़ी के साथ भी अक्सर ऐसा ही होता है। कई सारी साड़ी ऐसी होती हैं, जिन्हें इस्तेमाल करने के बारे में हम कई बार भूल जाते हैं। लेकिन इस बार आपको बाजार से जाकर ड्रेस लेने की जरूरत नहीं है। बल्कि हम आपको बताएंगे। आपकी अलमारी में रखी साड़ी को आप कैसे इस्तेमाल कर सकती हैं।

### पुरानी साड़ी से बनाएं प्लाजो

अगर आपके पास सिल्क की ऐसी कोई साड़ी रखी है जो इस्तेमाल में नहीं आ रही है तो इसके लिए आप प्लाजो रेडी करा सकती हैं। यह आसानी से बन जाता है और किसी भी टॉप के साथ वियर किया जा सकता है। आप चाहें तो इसके ऊपर पहनने वाली स्लिट कुर्ती के साथ भी आप इसे वियर कर सकती हैं। जिससे लुक अच्छा लगे। इस तरह के प्लाजो में आप अपने हिसाब से घेर भी तैयार करा सकती हैं। जिससे वो अच्छा लगे। अगर आपके पास पुरानी बांधनी साड़ी रखी है तो आप इसे रीयूज करके अनारकली सूट तैयार कर सकती हैं। आजकल इस तरह के सूट काफी ट्रेंड में है और अच्छे लगते हैं। ऐसे में आप इन्हें बाजार से खरीदने की बजाए घर पर रखी साड़ी को दोबारा इस्तेमाल करके अपने टेलर से तैयार करा सकती हैं।

## दुल्हन के लिए खूबसूरत और लाइटवेट लहंगे की डिजाइंस



समय बहुत बदल चुका है और समय के साथ-साथ फैशन में भी बहुत बदलाव देखे जा रहे हैं। यदि ब्राइडल फैशन की बात की जाए, तो अब दुल्हनें भारी-भरकम जरी गोटे के काम वाले लहंगे को पहनना कम पसंद करती हैं। हालांकि, इस तरह के लहंगों का क्रेज अभी भी बरकरार है, मगर अब लाइटवेट ब्राइडल लहंगे लड़कियों को ज्यादा भाते हैं। इस तरह के लहंगों में आपको बहुत सारी वेराइटी भी मिल जाएंगी। आजकल फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन किया गया बनारसी सिल्क लहंगा भी बहुत ज्यादा ट्रेंड में है।

वाराणसी में हुए एक फैशन शो में बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने बनारसी सिल्क फैब्रिक से बना बहुत सिंपल सोबर ब्राइडल लहंगा पहन कर रैंप वॉक किया था। इस लहंगे को महिलाओं के बीच काफी पसंद किया जा रहा है। बनारसी सिल्क को पूरी दुनिया बहुत पसंद किया जाता है और यह बहुत ही फाइन एवं सॉफ्ट सिल्क की केटेगरी में आता है। इस तरह के लहंगे आप भी अपनी शादी के लिए तैयार करा सकती हैं। आपको बनारसी सिल्क में भी बहुत सारी वेराइटी मिल जाएगी। अगर आप प्योर सिल्क का लहंगा नहीं अफोर्ड कर पा रही हैं, तो ब्रोकेड सिल्क और रॉ सिल्क में आपको बहुत सारी वेराइटी मिल जाएंगी।

कार्नर न्यूज

### अब दौर है आर्टिफिशियल ज्वेलरी का, इन्हें सहेज कर रखना भी एक कला

## महंगी आर्टिफिशियल ज्वेलरी को पहनें जतन से और रखें बेहद सावधानी से , सालों-साल नहीं पड़ेगी काली

ऑक्सीडाइज ज्वेलरी हो या मोती के सेट महिलाओं के पास एक या दो नहीं बल्कि कई सारे आर्टिफिशियल ज्वेलरी होती है। आर्टिफिशियल ज्वेलरी की खास बात यह है कि ये सोने और डायमंड से कम दाम पर मिलते हैं और पहनने पर खूबसूरत भी लगते हैं। सभी महिलाओं को ट्रेंड के हिसाब से गहने पहनने का शौक होता है। वैसे भी अभी शादियों का सीजन चल रहा है और इस समय लोग खूब सारे तरह-तरह के आर्टिफिशियल सेट और झुमके ले रहे हैं। आर्टिफिशियल ज्वेलरी लेना तो आसान है, लेकिन उनका रखरखाव करना मुश्किल। जरा सी लापरवाही और महंगे से महंगे ज्वेलरी हो जाएंगे खराब। आपके महंगे ज्वेलरी जल्दी खराब न हो और सालों साल नई जैसी चमक बरकरार रखे इसके लिए आज हम कुछ टिप्स शेयर करेंगे।




### मोती की ज्वेलरी को इस तरह से करें स्टोर

मोती की इयर रिंग्स हो या नेकलेस इसे कभी भी दूसरे ज्वेलरी के साथ प्लास्टिक और दूसरे मैटल के स्टोरेज बॉक्स में न स्टोर करें। हमेशा मोती के गहनों की शाइन बरकरार रखने के लिए उन्हें लकड़ी के डिब्बों में स्टोर करें। लकड़ी के बॉक्स में कपड़े या वेलवेट के रुमाल बिछाकर मोती के गहनों को रखें।

### अमेरिकन डायमंड ज्वेलरी को ऐसे करें स्टोर

अमेरिकन डायमंड गहनों को पहनने के बाद कभी भी उसमें पानी न पड़ने दें, पानी पड़ने के बाद जल्दी ही ऐडी ज्वेलरी काले पड़ने लगते हैं और उनकी शाइन खत्म हो जाती है। कभी भी एडी ज्वेलरी को किसी दूसरे मेटल के ज्वेलरी के साथ ऐसे ही न रखें। ऐडी के गहनों को अलग वेलवेट (वेलवेट साड़ी लुक) वाले बॉक्स में रखें, ताकि कोई स्क्रैच या नमी न आए।



### गहनों के रखरखाव में न करें ये गलती

हमेशा गहना पहनने के बाद ज्वेलरी में पानी न पड़ने दें, फेश या हैंड वॉशकरते वक्त गहनों को पानी से बचाएं। पानी पड़ने के बाद ज्वेलरी जल्द ही काले होने शुरू हो जाते हैं। कभी भी मेकअप लगाने से पहले गहने न पहनें, नहीं तो आपके कैमिकल बेस्ड मेकअप प्रोडक्ट गहनों में लग जाएंगे और गहनों की चमक को खराब करेंगे। आर्टिफिशियल ज्वेलरी को हमेशा खुले में सजाकर न रखें, खुले में रखने से ज्वेलरी में हवा लगती है, जिससे गहनों की शाइन और कलर पर असर पड़ता है। एक साथ सभी गहनों को कभी न रखें, नहीं तो एक दूसरे की पॉलीश और कलर रिएक्ट होकर गहनों को काला करते हैं। चाहें तो जिपलॉक बैग में भी आप ज्वेलरी आइटम को स्टोर कर सकते हैं, यह बैग ज्वेलरी को हवा और नमी से बचाएगा।